सूर्योदय : 06.26 बजे

सूर्यास्त : 05.34 बजे

रविवार, 20 नवम्बर 2022

वर्ष-2-अंक 323

मूल्य 2 पृष्ठ 8

e-mail: aknewstv2@gmail.com

RNI TITLE CODE : UPHIN49345

हिन्दी दैनिक

# अमर ख्याल

जुनून सच का

(महमूदाबाद) सीतापुर से प्रकाशित




खास ख़बर

## कांग्रेस ने इंदिरा गांधी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर शनिवार को उन्हें श्रद्धांजलि दी और देश के प्रति उनके योगदान को याद किया।पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने शक्ति स्थल पहुंचकर इंदिरा गांधी की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की।खरगे ने ट्वीट किया, "आजीवन संघर्ष, साहस व कुशल नेतृत्व की मिसाल, भारत की "लौह महिलौ, श्रीमती इंदिरा गांधी की जयंती पर शत शत नमन। भारत की एकता व अखंडता को संजोए रखने के लिए उन्होंने अपने जीवन का बलिदान दिया। राष्ट्र को समर्पित, उनकी राजनीतिक दृढ़ता को हम भारतवासी हर पल याद करते हैं।

## टीआरएस विधायकों की कथित खरीद-फरोख्त पर भाजपा नेता को समन

**बेंगलुरु।** तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) के विधायकों की खरीद-फरोख्त की कथित कोशिश की जांच कर रहे तेलंगाना के विशेष जांच दल (एसआईटी) ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के महासचिव बी एल संतोष को पूछताछ के लिए 21 नवंबर को तलब किया है। बेंगलुरु के मल्लेश्वरम में भाजपा के कर्नाटक मुख्यालय में संतोष को दिए गए नोटिस में जांच अधिकारी बी गंगाधर ने उन्हें आगाह किया कि एसआईटी के समक्ष पूछताछ के लिए पेश नहीं होने पर उनकी गिरफ्तारी भी हो सकती है। हालांकि, भाजपा महासचिव टिप्पणी के लिए उपलब्ध नहीं हो सकें। पुलिस अधिकारी ने 16 नवंबर को जारी नोटिस में कहा, जांच के दौरान यह खुलासा हुआ कि वर्तमान जांच के संबंध में तथ्यों एवं परिस्थितियों का पता लगाने के लिए आपसे पूछताछ करने के तार्किक आधार हैं।

## अगला विधानसभा चुनाव लड़ूंगा : फारूक अब्दुल्ला

**जम्मू।** नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने की पहले ही घोषणा कर चुके जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने शनिवार को कहा कि वह अगला विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। अब्दुल्ला ने शुक्रवार को घोषणा की थी कि वह अगले महीने नेकां की अध्यक्षता छोड़ देंगे।

उन्होंने कहा कि वह जिम्मेदारी से भाग नहीं रहे हैं, बल्कि पार्टी को मजबूत करने के लिए काम करना जारी रखेंगे।

इंशा अल्लाह, मैं (जम्मू-कश्मीर में) अगला विधानसभा चुनाव जब भी होगा, जरूर लड़ूंगा।

जरा हट के... बग्गा




# अनंत संभावनाओं और सामर्थ्य को समेटे हुए है काशी तमिल संगम

■ वाराणसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार काशी तमिल संगमम् का उद्घटन करते हुए इसे गंगा-यमुना के संगम की भांति पवित्र और सामर्थ्यवान बताया।

महादेव की नगरी काशी में सभी का काशी तमिल संगमम् में स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, विश्व के सबसे प्राचीन जीवंत शहर काशी की पावन धरती पर आप सभी को देखकर आज मन बहुत प्रसन्न हो गया है। अपने भाषण को वडक्कम से शुरू करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, हमारे देश में संगमों की बड़ी महिमा, बड़ा महत्व रहा है। नदियों और धाराओं के संगम से लेकर विचारों-विचाराधाराओं, ज्ञान-विज्ञान और समाजों संस्कृतियों के हर संगम को हमने सेलिब्रेट किया है। यह उत्सव वास्तव में भारत की विविधताओं और विशेषताओं का उत्सव है। और इसीलिए काशी तमिल संगमम् अपने आप में विशेष है, अद्वितीय है।

काशी तमिल संगमम् को अनंत संभावनाओं और सामर्थ्य से युक्त बताते हुए उन्होंने कहा, आज हमारे सामने एक ओर पूरे भारत को अपने आप में समेटे हमारी सांस्कृतिक राजधानी काशी है तो दूसरी ओर, भारत की प्राचीनता और गौरव का केंद्र, हमारा तमिलनाडु और तमिल संस्कृति है। गंगा-यमुना के संगम जैसा पवित्र यह संगमम अनंत संभावनाओं और सामर्थ्य को समेटे हुए है।

उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु के बीच काशी-कांची का संबंध जोड़ते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, दोनों क्षेत्र, संस्कृत और तमिल जैसी विश्व की सबसे प्राचीन भाषाओं के केंद्र हैं। काशी में बाबा विश्वनाथ हैं तो तमिलनाडु में भगवान रामेश्वरम का आशीर्वाद है। काशी और तमिलनाडु दोनों शिवमय हैं। एक स्वयं में काशी है, तो तमिलनाडु में दक्षिण काशी है।



### काशी और तमिलनाडु की सप्तपुरियों में अपनी महत्ता है

काशी और तमिलनाडु, दोनों को संस्कृति और सभ्यता का केन्द्र बताते हुए मोदी ने कहा, काशी-कांची के रूप में दोनों की सप्तपुरियों में अपनी महत्ता है। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में काशी की बनारसी और तमिलनाडु के कांजीवरम सिल्क का भी जिक्र किया। तमिलों के मन में काशी के लिए प्रेम को अमिट बताते हुए कहा, आज भी तमिल विवाह परंपरा में काशी यात्रा का जिक्र होता हैं, उसमें तमिल युवाओं के जीवन की नई यात्रा को काशी यात्रा से जोड़ा जाता है। काशी तमिल संगमम् को काशी-कांची प्रेम को आगे बढ़ाने का रास्ता बताते हुए उन्होंने कहा, काशी के निर्माण और विकास में तमिलनाडु ने अभूतपूर्व योगदान दिया है। तमिलनाडु में जन्मे डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति थे और उनके नाम से पीठ का गठन कर बीएचयू गौरवान्वित हुआ है। प्रधानमंत्री ने हरिशचन्द्र घाट पर स्थित तमिल मंदिर काशी कामकोटिश्वर पंचायतन मंदिर, केदार घाट पर स्थित करीब दो सौ वर्ष पुराने कुमार स्वामी मठ और मार्कंडेय आश्रम का भी जिक्र किया।

काशी तमिल संगमम् का आयोजन भारत के आजादी के अमृतकाल में प्रवेश पर हो रहा है। भारत वह राष्ट्र है जिसने हजारों वर्षो से सं वो मनांसि जानताम के मंत्र से एक दूसरे के मनों को जानते हुए , सम्मान करते हुए स्वाभाविक सांस्कृतिक एकता को जिया है।

## संसद का शीतकालीन सत्र सात से 29 दिसंबर तक



**नई दिल्ली।** संसद का शीतकालीन सत्र सात दिसंबर से शुरू होगा और यह 29 दिसंबर को समाप्त होगा। लोकसभा और राज्य सभा ने अलग-अलग अधिसूचनाएं जारी करके तारीखें अधिसूचित कर दी हैं। लोकसभा सचिवालय के बयान के अनुसार, 17वीं लोकसभा का दसवां सत्र सात दिसंबर से शुरू होगा और सरकारी कामकाज के अनुरूप यह 29 दिसंबर को समाप्त हो सकता है। सूत्रों ने कहा कि सत्र पुराने संसद भवन में आयोजित होने की संभावना है, क्योंकि नए भवन का निर्माण साल के अंत तक खिंच सकता है। दोनों सदनों द्वारा जारी समान अधिसूचनाओं में कहा गया है, "सरकारी कामकाज की अनिवार्यताओं के अधीन, बृहस्पतिवार 29 दिसंबर 2022 को सत्र समाप्त होने की संभावना है।

# केंद्र अरुणाचल के आधारभूत ढांचे के विकास पर 50 हजार करोड़ रुपए खर्च करेगा



एजेंसी ■ ईटा नगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को डोनी पोलो हवाई अड्डे का उद्घाटन किया, जो अरुणाचल प्रदेश में पहला ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा है। अरुणाचल प्रदेश की राजधानी ईटानगर से करीब 15 किलोमीटर की दूरी पर होलोंगी स्थित यह हवाई अड्डा इस सीमावर्ती राज्य को वाणिज्यिक उड़ानों के जरिए देश के अन्य शहरों के साथ तथा अरुणाचल प्रदेश के अन्य हिस्सों को हेलीकॉप्टर सेवाओं के माध्यम से जोड़ेगा। हवाई अड्डे की आधारशिला मोदी ने फरवरी 2019 को रखी थी। मोदी ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश में ढांचागत विकास के लिए निकट भविष्य में 50 हजार करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।उन्होंने राज्य के दूर-दराज के क्षेत्रों से उचित संपर्क कायम करने की आवश्यकता पर बल दिया और कहा कि अरुणाचल प्रदेश के 85 प्रतिशत गांव प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि अरुणाचल प्रदेश में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 50,000 करोड़ रुपए और खर्च किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि नए हवाई अड्डे के विकास से कार्गो सेवा के क्षेत्र में बड़ा अवसर पैदा होगा। उन्होंने कहा कि परिणामस्वरूप, राज्य के किसान अब अपनी उपज बड़े बाजारों में बेच सकते हैं। हवाई अड्डे पर एक सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने लोगों से कहा कि राज्य के किसान पीएम किसान निधि का लाभ उठा रहे हैं। हम विकास को राज्य के हर घर और गांव तक पहुंचाने के लिए मिशन मोड में काम कर रहे हैं।

## विश्व समुदाय को आतंकवाद को हराने के लिए एक साथ आना होगा

■ नई दिल्ली



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि कोई भी देश अकेले आतंकवाद को नहीं हरा सकता और अंतरराष्ट्रीय समुदाय को तेजी से जटिल और व्यापक होते इस खतरे से निपटने के लिए कंधे से कंधा मिलाकर काम करते रहना होगा। आतंकवाद के वित्तपोषण के खिलाफ आयोजित तीसरे नो मनी फॉर टेरर सम्मेलन के समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि कुछ देश और उनकी एजेंसी ने आतंकवाद को अपनी सरकारी नीति बना लिया है।

शाह ने कहा, इन आतंकी पनाहगाहों में बेलगाम गतिविधियों पर रोक लगानी जरूरी है। सभी देशों को अपने भू-राजनीतिक हितों से ऊपर उठना होगा।कुछ देश बार-बार आतंकवादियों और आतंकवाद को पनाह देने वालों का समर्थन करते हैं।

गृह मंत्री ने कहा, मेरा मानना है कि आतंकवाद की कोई अंतरराष्ट्रीय सीमा नहीं होती, इसलिए सभी देशों को राजनीति से परे सोचते हुए एक-दूसरे का सहयोग करना चाहिए। उन्होंने आतंकवाद के इस सीमारहित खतरे को हराने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय के बीच खुफिया जानकारी साझा करने में पारदर्शिता का आह्वान किया।

उन्होंने कहा, हमारी पहली प्रतिबद्धता पारदर्शिता के साथ सहयोग की होनी चाहिए। सभी देशों, सभी संगठनों को बेहतर और अधिक प्रभावी तरीके से खुफिया जानकारी साझा करने में पूर्ण पारदर्शिता की प्रतिज्ञा लेनी चाहिए। युवाओं में कट्टरता को बढ़ावा देने वाले एक संगठन के खिलाफ भारत की कार्वाई का हवाला देते हुए गृह मंत्री ने कहा कि हर देश को ऐसे संगठनों की पहचान करनी चाहिए और उनके खिलाफ कड़ी कार्वाई करनी चाहिए।

## न तो सावरकर और न ही नेहरू को निशाना बनाया जाना चाहिए: राउत

एजेंसी ■ मुंबई



शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने शनिवार को कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू, वी. डी. सावरकर या किसी अन्य स्वतंत्रता सेनानी की प्रतिष्ठा को धूमिल नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि वे अपना पक्ष रखने के लिए इस संसार में नहीं हैं। राउत ने कहा कि नेहरू या किसी अन्य ऐतिहासिक शख्सियत को निशाना बनाकर सावरकर के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियों का जवाब देने की जरूरत नहीं है। राउत शिवसेना के उद्धव ठाकरे धड़े के रुख को स्पष्ट करने के एक दिन बाद यहां पत्रकारों से बात कर रहे थे कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी को सावरकर के बारे में विवादास्पद टिप्पणी करने की जरूरत नहीं थी।यह महाराष्ट्र में कांग्रेस, राकांपा और शिवसेना के महा विकास आघाड़ी (एमवीए) गठबंधन को प्रभावित कर सकता है। राज्यसभा सदस्य ने शनिवार को कहा, पंडित नेहरू और सावरकर दोनों की प्रतिष्ठा को धूमिल करने के प्रयास बंद होने चाहिए। देश की आजादी के लिए कुर्बानी देने वाले स्वतंत्रता सेनानी किसी विचारधारा या राजनीतिक दल के नहीं हैं। उन्होंने कहा, ए नेता अब इस दुनिया में नहीं हैं और इसलिए अब अपना बचाव नहीं कर सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि देश के पहले प्रधानमंत्री के रूप में, नेहरू सावरकर के वैज्ञानिक नजरिए को अपनाकर भारत को विकास के पथ पर ले गए। उन्होंने कहा, नहीं तो भारत एक और पाकिस्तान बन जाता... इसके लिए भारत हमेशा नेहरू का ऋणी रहेगा। कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष नाना पटोले ने शनिवार को कहा कि राहुल गांधी की आलोचना करने वालों को पहले यह बताना चाहिए कि हिंदुत्व के विचारक को अंग्रेजों से 60 रुपए पेंशन क्यों मिल रही थी।

## अगले सप्ताह भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हो सकती हैं प्रियंका

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा अगले सप्ताह भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हो सकती हैं। सूत्रों के अनुसार, वह आगामी 23 नवंबर से इस यात्रा का हिस्सा बन सकती हैं। बीते सात सितंबर से आरंभ हुई भारत जोड़ो यात्रा में अब तक प्रियंका गांधी शामिल नहीं हुई हैं। वह पिछले दिनों हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में पार्टी के प्रचार अभियान में व्यस्त थीं। पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी कर्नाटक के मांड्या में इस यात्रा का हिस्सा बनी थीं और राहुल गांधी के साथ पदयात्रा की थी। प्रियंका गांधी जब इस यात्रा का हिस्सा बनेंगी, तो उस समय यात्रा मध्य प्रदेश में होगी। भारत जोड़ो यात्रा फिलहाल महाराष्ट्र में है। राहुल गांधी और कई अन्य नेताओं ने सात सितंबर को तमिलनाडु के कन्याकुमारी से इस यात्रा की शुरुआत की थी। वे 3570 किलोमीटर की दूरी तय करके श्रीनगर पहुंचेंगे और वहीं इस यात्रा की समाप्ति होगी।



## सावरकर टिप्पणी पर उद्धव को कांग्रेस का साथ छोड़ देना चाहिए

**जालना (महाराष्ट्र)।** केंद्रीय मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता रावसाहेब दानवे ने शनिवार को कहा कि हिंदुत्व विचारक एवं स्वतंत्रता सेनानी वीडी सावरकर पर राहुल गांधी की टिप्पणी को लेकर शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे को कांग्रेस के साथ गठबंधन तोड़ लेना चाहिए।

राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान बृहस्पतिवार को महाराष्ट्र के अकोला जिले के वाडेगांव में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में दावा किया था कि सावरकर ने ब्रिटिश शासकों की मदद की थी, और डर के मारे माफीनामा लिखा था, जिससे महात्मा गांधी, सरदार पटेल, जवाहरलाल नेहरू और स्वतंत्रता संग्राम के अन्य नेताओं के साथ विश्वासघात हुआ।

गुजरात विधानसभा चुनाव



## नड्डा ने मेधा पाटकर के भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने पर कांग्रेस को गुजरात विरोधी करार दिया

■ अहमदाबाद



भारत जोड़ो यात्रा में नर्मदा बचाओ आंदोलन की कार्यकर्ता मेधा पाटकर के शामिल होने को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शनिवार को कांग्रेस को गुजरात विरोधी करार दिया। भारत जोड़ो यात्रा महाराष्ट्र में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की अगुवाई में निकाली जा रही है। इस पर कांग्रेस ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि चुनावी राज्य में भाजपा के पास मुद्दों का अभाव है।

गुजरात में चुनाव प्रचार कर रहे नड्डा ने कहा कि पाटकर नर्मदा विरोधी , गुजरात विरोधी और सौराष्ट्र विरोधी हैं, जिन्होंने नर्मदा बांध का निर्माण बाधित करने के अलावा सौराष्ट्र के लोगों के लिए पानी का उपयोग करने का विरोध किया था। नड्डा ने संवाददाताओं से कहा, यदि ऐसे लोग राहुल गांधी का साथ देते हैं, तो यह उनकी मानसिकता को दर्शाता है। नड्डा की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कांग्रेस नेता रघु शर्मा ने शनिवार को कहा कि गुजरात विधानसभा चुनाव में भाजपा के पास मुद्दे नहीं है, इसलिए यह भारत जोड़ो यात्रा में मेधा पाटकर के शामिल होने का मुद्दा उठा रही है जो नर्मदा बचाओ आंदोलन की एक प्रमुख कार्यकर्ता हैं। भारत जोड़ो के आधिकारिक ट्विटर हैंडल से शुक्रवार को पाटकर का गांधी के साथ एक फोटो ट्वीट किया गया था जिसके कैप्शन में लिखा था कि, जब आप समाज के लिए कुछ करते हैं, तो समाज कल्याण में शामिल लोग खुद आप के साथ जुड़ते हैं...। सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटकर ने भारत जोड़ो यात्रा में हिस्सा लिया। शर्मा ने पूछा कि आप किसी को कांग्रेस पार्टी की यात्रा में शामिल होने से कैसे रोक सकते हैं।

## गुजरात विस चुनाव के दूसरे चरण के लिए 1,112 नामांकन फॉर्म वैध

**अहमदाबाद।** गुजरात विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए कुल।,112 नामांकन फॉर्म वैध पाए गए हैं। दूसरे चरण में पांच दिसंबर को जिन 93 सीट पर मतदान होना है, उनके लिए शुक्रवार को नामांकन पत्रों की जांच की गई।राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय से जारी एक बयान में कहा गया, "दूसरे चरण के लिए कुल।,515 फॉर्म प्राप्त हुए, जिनमें से।,112 वैध पाए गए हैं। पहले चरण का मतदान एक दिसंबर को होगा जिसमें 89 सीट के लिए वोट डाले जाएंगे। विधानसभा की सभी 182 सीट के लिए मतगणना आठ दिसंबर को होगी।

## हिमंत विश्व शर्मा ने महरौली हत्याकांड को लवजिहाद का मामला बताया

■ अहमदाबाद



असम के मुख्यमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता हिमंत विश्व शर्मा ने कहा है कि श्रद्धा वालकर की उसके लिव-इन पार्टनर द्वारा नृशंस हत्या लव जिहाद का मामला है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि भारत को मां की तरह सम्मान करने वाला शक्तिशाली नेता एवं सरकार नहीं मिलेगी, तो हर शहर में आफताब जैसा व्यक्ति पैदा होगा।

शर्मा ने कहा, यदि भारत को मां की तरह सम्मान करने वाला शक्तिशाली नेता एवं सरकार नहीं मिलेगी, तो इस आफताब जैसा व्यक्ति हर शहर में पैदा होगा। ऐसे में, हम अपने समाज की रक्षा नहीं कर पाएंगे। यही कारण है कि देश को मोदीजी को 2024 में तीसरे कार्यकाल के लिए चुनना चाहिए और वह इस तरह के मुद्दों का समाधान करेंगे।

## राहुल गांधी 21 नवंबर को राजकोट, सूरत में जनसभाओं को संबोधित करेंगे

■ राजकोट

कांग्रेस नेता राहुल गांधी 21 नवंबर को गुजरात में राजकोट और सूरत के महुवा में दो जनसभाओं को संबोधित करेंगे। पार्टी के एक नेता ने शनिवार को यह जानकारी दी। गांधी वर्तमान में भारत जोड़ो यात्रा का नेतृत्व कर रहे हैं, जो इस समय महाराष्ट्र से गुजर रही है और यह 20 नवंबर को मध्य प्रदेश में प्रवेश करेगी। राजस्थान के विधायक एवं कांग्रेस के गुजरात प्रभारी रघु शर्मा ने पत्रकारों को बताया कि पार्टी के पूर्व अध्यक्ष 21 नवंबर को जनसभा को संबोधित करने के लिए दक्षिण गुजरात के राजकोट और महुवा में आएंगे।यात्रा के बारे में उन्होंने कहा कि यह मार्च अब तक 2,000 किलोमीटर की दूरी तय कर चुका है और यह देश में व्याप्त भय, घृणा और हिंसा के माहौल के खिलाफ राजस्थान के उदयपुर में नवसंकल्प शिविर में लिए गए निर्णय के अनुसार आयोजित किया गया है। गांधी ढाई महीने बाद गुजरात के दौरे पर आएंगे। यात्रा पर जाने से पहले पांच सितंबर को अहमदाबाद में बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं की एक रैली को संबोधित किया था।

## उम्मीदवार ने एक रुपए के 10,000 सिक्के जमानत के जमा कराए

■ अहमदाबाद



गुजरात में गांधीनगर उत्तर विधानसभा सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ने के लिए दिहाड़ी मजदूर महेंद्र पाटनी नाम के व्यक्ति ने एक रुपए के 10,000 सिक्के जमानत राशि के तौर पर निर्वाचन आयोग के पास जमा किए हैं। पाटनी ने अपने समर्थकों से एक रुपए के सिक्के के रूप में 10,000 रुपए जुटाए और इसे जमानत राशि के तौर पर इस हफ्ते की शुरूआत में आयोग के पास जमा कराया, ताकि वह राज्य में अगले महीने होने जा रहा विधानसभा चुनाव लड़ सकें। राज्य की राजधानी गांधीनगर में एक होटल को रास्ता देने के लिए पाटनी की झुग्गी बस्ती को 2019 में उजाड़ दिया गया था।

पाटनी ने कहा कि तीन साल पहले गांधीनगर में महात्मा मंदिर के पास एक झुग्गी बस्ती में स्थित 521 झुग्गियों के विस्थापित निवासियों ने उनसे अपने प्रतिनिधि के रूप में चुनाव लड़ने का आग्रह किया था। पाटनी उसी बस्ती के एक निवासी हैं, जिसके निवासियों को दो बार विस्थापित किया गया। ऐसा पहली बार 2010 में किया गया, जब सरकार ने महात्मा गांधी को समर्पित एक दांडी कुटीर संग्रहालय का निर्माण करवाया, जो होटल से अधिक दूर नहीं है। वहीं, दूसरी बार 2019 में, जब झुग्गी बस्ती में रहने वालों को फिर से पास के इलाके में जाने के लिए मजबूर किया गया, ताकि वहां होटल का निर्माण किया जा सके। पाटनी ने कहा, मैं बतौर निर्दलीय उम्मीदवार चुनाव लड़ रहा हूं। मैं श्रमिक परिवार से हूं। वहां 521 झुग्गियां थी, जिन्हें होटल बनाने के लिए उजाड़ दिया गया।

# भारत और भारतीयों के लिए गौरव का अवसर

दुनिया की 20 बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के समूह का नेतृत्व भारत के हाथ में आना एक महत्वपूर्ण घटना है। यह समूह वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद के 80 प्रतिशत, अंतरराष्ट्रीय व्यापार के 75 प्रतिशत तथा वैश्विक जनसंख्या के 60 प्रतिशत हिस्से का प्रतिनिधित्व करता है। मुख्य रूप से इस समूह की प्राथमिकता अंतरराष्ट्रीय वित्त, वाणिज्य एवं व्यापार के लिए अनुकूल परिस्थितियां तैयार करना है, लेकिन कोरोना महामारी तथा रूस-यूक्रेन युद्ध जैसी भू-राजनीतिक संकटों से पैदा हुई चुनौतियों को देखते हुए इसकी भूमिका बहुत महत्वपूर्ण हो गई है। जलवायु संकट आज विकराल रूप ले चुका है। कोरोना महामारी से जारी लड़ाई में भारत की उपलब्धियों ने समूची दुनिया का ध्यान आकर्षित किया है। रूस-यूक्रेन युद्ध के मामले में भारत ने तटस्थ विदेश नीति और व्यापार नीति अपनाते हुए लगातार शांतिपूर्ण बातचीत पर जोर दिया है। अगले साल भारत में होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन तथा सालभर की अध्यक्षता के लिए भारत ने 'वसुधैव कुटुम्बकम' के दर्शन को आदर्श बनाया है। भारत सभी सदस्यों को साथ लेकर चलने का प्रयास करेगा। आज जब हमारा देश सबसे तेज गति से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था है और वैश्विक मंच पर हमारी महत्वपूर्ण उपस्थिति सुनिश्चित हो चुकी है, भारत की अगुवाई में जी-20 समूह विश्व को नयी सकारात्मक राह की ओर अग्रसर कर सकता है। प्रधानमंत्री मोदी ने उचित ही कहा है कि भारत और भारतीयों के लिए यह गौरव का अवसर है।कोरोना टीकों को कई देशों में भेजना हो, अनाज की आपूर्ति करनी हो, शांति की पैरोकारी हो, सामुद्रिक सुरक्षा को सुनिश्चित करना हो या स्वच्छ ऊर्जा के लिए अंतरराष्ट्रीय प्रयास करना हो, हर मसले पर भारत ने सभी देशों के सहयोग बढ़ाने तथा नियम-आधारित विश्व व्यवस्था स्थापित करने पर बल दिया है। पूरी धरती ही परिवार है- यह एक सूक्ति मात्र नहीं है, भारत की वैश्विक दृष्टि का सूत्र वाक्य है। प्रधानमंत्री मोदी ने समूह की अध्यक्षता को स्वीकार करते हुए कहा है कि भारत की अध्यक्षता समावेशी, महत्वाकांक्षी और कार्योन्मुखी होगी।

जलवायु संकट आज विकराल रूप ले चुका है। कोरोना महामारी से जारी लड़ाई में भारत की उपलब्धियों ने समूची दुनिया का ध्यान आकर्षित किया है। रूस-यूक्रेन युद्ध के मामले में भारत ने तटस्थ विदेश नीति और व्यापार नीति अपनाते हुए लगातार शांतिपूर्ण बातचीत पर जोर दिया है।

**वैदिक विचार** –स्वामी विद्यानंद 'विदेह'

## आत्मा

*आत्मा वा इदमेक एवाग्रआसीन्नान्यत्किंचन मिषत्।*
*स ईक्षत लोकान्नु सृजा इति ॥1॥*

ऋषि कहता है कि सृष्टि के आरम्भ में एकमात्र आत्मा का विराट ज्योतिर्मय स्वरूप विद्यमान था। तब उस आत्मा ने विचार किया कि सृष्टि का सृजन किया जाये और विभिन्न लोक बनाये जायें तथा उनके लोकपाल निश्चित किये जायें। ऐसा विचार कर आत्मा ने अम्भ, मरीचि, मर और आपः लोकों की रचना की। द्युलोक से परे स्वर्ग की प्रतिष्ठा रखने वाले लोक को अम्भ कहा गया। मरीचि को अन्तरिक्ष, अर्थात प्रकाश लोक (द्युलोक) कहा गया, पृथिवी लोक को मर, अर्थात मृत्युलोक नाम दिया गया, पृथिवी के नीचे जलीय गर्भ को पाताललोक (आपः) कहा गया। ऋग्वेद में आपः को सृष्टि के मूल क्रियाशील प्रवाह के रूप में व्यक्त किया है। वही हिरण्यगर्भ रूप है। इस हिरण्यगर्भ रूप में ब्रह्म का संकल्प बीज पककर विश्व-रूप बनता है। इसी हिरण्यगर्भ से विराट पुरुष एवं उसकी इन्द्रियों की उत्पत्ति होती है और उसकी इन्द्रियों से देवताओं का सृजन होता है। यही जीवन का विकास-क्रम है। वेद हिरण्यगर्भ रूप को पृथिवी और द्युलोक का आधार स्वीकार करते हैं- यह हिरण्यगर्भ रूप ही आपः के मध्य से जन्म लेता है। अतः सृष्टि का आधारभूत हव्य है। लोकों की रचना करने के उपरान्त परमात्मा ने लोकपालों का सृजन करने की इच्छा से आपः(जलीय गर्भ) से हिरण्य पुरुष का सृजन किया। सर्वप्रथम हिरण्यगर्भ से अण्डे के रूप का एक मुख प्रकट हुआ। मुख से वाक् इन्द्री, वाक् इन्द्री से अग्नि उत्पन्न हुई।

**आज का विचार** –डॉ. विनोद दीक्षित

## मंत्र

मंत्र के दो अर्थ होते हैं 'मननात जायते इति मंत्र:' अर्थात जिसका मनन करने से हमारा कल्याण होता है, परित्राण होता है और दूसरा अर्थ होता है जप के लिए, मंत्र जप करने से प्राण में एक लय बनती है, एक संगीत का स्वर सा सुनाई देता है क्योंकि मंत्र छंद है ।मंत्र में जो लय है उसी से प्राण चलने लगता है। प्राण से तात्पर्य वायु से नहीं अपितु जीवन शक्ति से है। आज का दिन आपके लिए मंगलमय एवं कल्याणकारी हो। जय श्री राधे।

**पत्र मिला**

## फारुक अब्दुल्ला ने क्यों छोड़ा पद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की राजनीति में परिवारवाद को सबसे बड़ी बुराई बताते हुए जनता से इसके खिलाफ उठ खड़े होने की अपील की जिसके बाद देखने में आया कि देश के कई राज्यों से परिवारवादी दल सत्ता से बाहर हो गये। यही नहीं भारत की सबसे बड़ी परिवारवादी पार्टी मानी जानी वाली कांग्रेस की भी बुरी हालत हो गयी जिसके बाद हाल में हुए पार्टी अध्यक्ष पद के चुनाव से गांधी परिवार दूर ही रहा। इसके अलावा हाल ही में एक और परिवारवादी दल शिरोमणि अकाली दल बादल ने भी पार्टी संगठन में बड़े सुधारों की घोषणा करते हुए 'एक परिवार एक टिकट' नीति बनाने का ऐलान किया। अब जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष पद से हटने की घोषणा करते हुए कहा है कि नयी पीढ़ी को जिम्मेदारी सौंपने का समय आ गया है। अब्दुल्ला के इस कदम की घोषणा के बाद व्यापक स्तर पर अटकलें लगाई जा रही हैं कि 85 वर्षीय फारूक अब्दुल्ला पार्टी संरक्षक की भूमिका निभाएंगे और उनके बेटे और नेशनल कांफ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला अब पार्टी के नए प्रमुख बन सकते हैं। पांच दिसंबर को होने वाले जम्मू-कश्मीर नेशनल कांफ्रेंस अध्यक्ष पद के चुनाव को पार्टी का कोई भी सदस्य लड़ सकता है। **चंचल जैन, मेरठ**

समस्त विवादों के लिए न्यायिक क्षेत्र नई दिल्ली होगा। प्रकाशित सामग्री या विज्ञापन से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना अनिवार्य नहीं। इससे संबंधित किसी भी प्रकार की कार्रवाई या पूछताछ प्रकाशन तिथि से तीन माह के अंदर की जा सकती है।

# नेपाल में लोकतंत्र की फिर अग्निपरीक्षा



**प्रो. श्याम सुंदर भाटिया**
लेखक रिसर्च स्कॉलर और सीनियर जर्नलिस्ट हैं

पड़ोसी मुल्क नेपाल में सर्द मौसम में सियासी पारा एकदम गर्म है। इन दिनों लोकतांत्रिक महोत्सव मनाने में पूरा यह हिमालय राष्ट्र मशगूल है। भारतीय तिथि के मुताबिक 20 नवंबर रविवार को वोटिंग की तैयारियां मुकम्मल हो गई हैं। हालांकि नेपाली कैलेंडर के हिसाब से यह तिथि 04 नवंबर है। भारतीय तिथि नेपाल की कैलेंडर की तुलना में 16 दिन आगे चलती है। नतीजे 08 दिसंबर तक आने की उम्मीद है। 240 बरसों की राजशाही की विदाई के बाद 2008 में डेमोक्रोसी के द्वार खोल दिए गए थे। इस हिमालय राष्ट्र में डेमोक्रेसी की स्थिति अब तक पेंडुलम सरीखी रही है। नतीजन 14 बरसों में 10 सरकारों का गठन हो चुका है। इस बार भी किसी गठबंधन को स्पष्ट बहुमत मिलने के आसार नहीं दिख रहे हैं,लेकिन चुनावी दंगल में युवाओं से मिल रही कड़ी चुनौती के चलते ऊंट किस करवट बैठेगा, यह साफ - साफ नहीं कहा जा सकता है। संसदीय और विधानसभाओं के एक साथ हो रहे चुनाव में मुख्य मुकाबला पीएम श्री शेर बहादुर देउबा और पूर्व पीएम श्री केपी शर्मा ओली के नेतृत्व वाले गठबंधनों के बीच में है,लेकिन इन दोनों गठबंधनों को युवाओं और निर्दलियों से कड़ी चुनौती मिल रही है। युवाओं ने शेप अप...और शिप अप हैशटैग की जबर्दस्त कैंपेन चला रखी है। यह बदलाव की बयार कितनी दमदार साबित होगी, यह तो नतीजे ही बताएंगे। चुनाव की निष्पक्षता को देखने भारत,भूटान,बांग्लादेश और मालदीव के मुख्य चुनाव आयुक्त बतौर अंतर्राष्ट्रीय पर्यवेक्षक नेपाल पहुंच चुके हैं। भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री राजीव कुमार की अगुवाई में चुनाव आयोग के अफसरों का यह प्रतिनिधिमंडल 22 नवंबर तक नेपाल में राजकीय मेहमान के रूप में रहेगा।

### 1.8 करोड़ वोटर्स डालेंगे वोट

नेपाल में दोहरे चुनाव के लिए मतदान एक ही चरण में होगा। संघीय संसद और सात प्रांतों में 1.8 करोड़ वोटर्स अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। संघीय संसद के कुल 275 मेंबर्स में 165 प्रत्यक्ष वोटिंग से चुनेंगे,शेष आनुपातिक पद्धति आधार पर चुने जाएंगे। सात प्रांतीय विधान सभाओं के कुल 550 सदस्यों में से 330 प्रत्यक्ष चुने जाएंगे,जबकि 220 के चुनाव का बेस आनुपातिक पद्धति होगा। 2017 के आम चुनावों में नेपाली कांग्रेस की झोली में 63 ,जबकि माओवादी केंद्र को 53 सीट प्राप्त हुई थीं। दूसरी ओर आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के तहत वोटों ने वामपंथी गठबंधन को संघीय संसद में दो-तिहाई बहुमत हासिल करने से रोक दिया था। किसी भी दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला था।आनुपातिक वोट में एक सीट आवंटित करने के लिए एक पार्टी या चुनावी गठबंधन को कुल वैध वोट के 3: की चुनावी सीमा को पार करना होता है।

### इतिहास के झरोखे में नेपाल

1960 में नेपाल के राजा महेंद्र ने संसद को भंग कर दिया था। इसके साथ ही लोकतांत्रिक व्यवस्था खत्म हो गई थी और राजशाही का फिर से कब्जा हो गया। दरअसल नेपाल में पहली बार 1951 में लोकतंत्र की स्थापना हुई। 1955 में महाराजा त्रिभुवन के निधन के बाद राजा महेंद्र सत्ता में आए। वह देश में लोकतंत्र नहीं चाहते थे।1959 में आम चुनाव में नेपाली कांग्रेस को दो-तिहाई बहुमत हासिल हुआ और बीपी कोईराला प्रधानमंत्री नियुक्त किए गए। राजा महेंद्र ने दिसंबर, 1960 में संसद को भंग कर लोकतांत्रिक व्यवस्था को खत्म कर दिया। राजा महेंद्र की मृत्यु के बाद उनके बड़े पुत्र विरेंद्र वीर विक्रम शाहदेव नए राजा बने। अंततः 2015 में नेपाल में नया संविधान लागू हुआ है, लेकिन मधेशी अब तक इसका विरोध कर रहे हैं।



### स्थिरता ही सबका मुख्य चुनावी मुद्दा

इस बार राजनीतिक स्थिरता मुख्य चुनावी मुद्दा बना है। नेपाली कांग्रेस के नेतृत्व वाले गठबंधन ने लोगों को स्थिर सरकार देने का भरोसा दिया है। परंतु, लोगों को उसके वादे पर यकीन नहीं हो रहा है। इसका कारण नेपाली कांग्रेस नहीं, बल्कि गठबंधन में शामिल प्रमुख वाममंथी पार्टी सीपीएन (माओइस्ट सेंटर) है। सीपीएन (एमसी) के प्रमुख पूर्व प्रधानमंत्री पुष्क कमल दहल उर्फ प्रचंड हैं, जो खुलेआम दावा करते रहे हैं कि उन्होंने सरकार बनाने और गिराने में अहम भूमिका निभाई है। हालांकि, इस बार सीपीएन-एमसी ने भी राजनीतिक स्थिरता को प्राथमिकता देने का वादा किया है।वैसे तो चुनाव में मैदान में छोटे बड़े कई दल हैं, लेकिन मुख्य मुकाबला नेपाली कांग्रेस के नेतृत्व वाले गठबंधन और पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की पार्टी सीपीएन-यूएमएल के बीच ही होने का अनुमान है। नेपाली कांग्रेस और वामपंथी नेता ओली को ही मौजूदा राजनीतिक स्थिरता के लिए जिम्मेदार ठहराते हैं, जिन्होंने अल्पमत में आने के बाद सदन को भंग कर दिया था। बाद में सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर संसद बहाल हुई थी। नेपाल के पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त श्री अयोधी प्रसाद यादव कहते हैं, हम जिस तरह की चुनाव प्रणाली में है, वह हमें त्रिशंकु संसद की तरफ ले जाती है।

### चुनाव डेमोक्रेसी की आत्मारू देउबा

चुनावों को लोकतांत्रिक प्रणाली की आत्मा बताते हुए नेपाल के 76 वर्षीय प्रधानमंत्री श्री शेर बहादुर देउबा ने प्रसारित एक वीडियो संदेश में जनता को संबोधित करते हुए कहा, नेपाली कांग्रेस देश में अतीत में हुए सभी सामाजिक और राजनीतिक आंदोलन में अग्रणी रही है। ऐसे में अब देश को समृद्धि की ओर ले जाने की जिम्मेदारी नेपाली कांग्रेस की है। नेपाल में पांचवीं बार प्रधानमंत्री पद की जिम्मेदारी संभाल रहे श्री देउबा ने वायदा करते हुए कहा कि उनकी सरकार युवाओं के लिए काम करेगी।उन्होंने कहा, चूंकि हमारे युवा प्रौद्योगिकी और वैज्ञानिक ज्ञान में उत्कृष्टता प्राप्त कर रहे हैं, हम उनके ज्ञान का सम्मान करते हुए नई सोच के साथ आगे बढ़ेंगे।

सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल सीपीएन-माओवादी सेंटर के नेता पुष्प कमल दहल प्रचंड ने 20 नवंबर के चुनाव को प्रगतिशील और दमनकारी ताकतों के बीच जनमत संग्रह बताया।

### जमीन से लेकर आकाश तक सुरक्षा घेरा

नेपाल के निर्वाचन आयोग ने मतदान सुगमता से संपन्न कराने को अनेक ठोस और कठोर कदम उठाए हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त डॉ. दिनेश कुमार थपलिया ने बताया, नेपाल-भारत सीमा को 72 घंटे के लिए बंद कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि बिहार और यूपी से सटी नेपाल की लंबी सीमाएं हैं। दोनों देशों के लोगों को इन सीमाओं को पार करने के लिए किसी तरह के वीजा या पासपोर्ट की जरूरत नहीं पड़ती है। मतदान केंद्रों पर त्रि-स्तरीय सुरक्षा घेरे का बंदोबस्त किया गया है। मतदान केंद्रों पर हवाई गश्त भी शामिल है। चुनाव के लिए 10,892 मतदान केंद्र, 412 अस्थाई मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जिनकी सुरक्षा में दो लाख से अधिक सुरक्षाकर्मियों को लगाया गया है। इस बार, फर्स्ट- पास्ट- द- पोस्ट (एफपीटीपीध्प्रत्यक्ष चुनाव) मतपत्रों की गणना पहले चरण में की जाएगी, पहले प्रतिनिधि सभा के लिए और फिर प्रांतीय विधानसभा के लिए। आनुपातिक प्रतिनिधित्व चुनाव के लिए वोटों की गिनती एफपीटीपी के बाद होगी।

### बड़े भाई भारत की नेपाल को सौगात

भारत ने संघीय और प्रांतीय विधानसभा चुनावों के सुचारू संचालन के लिए सुरक्षा एजेंसियों सहित नेपाल के विभिन्न सरकारी संस्थानों को 200 वाहन उपहार में दिए हैं। भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने भारत सरकार की ओर से नेपाल के वित्त मंत्री जनार्दन शर्मा को वाहन सौंप दिए हैं। भारतीय दूतावास के अनुसार, 200 वाहनों में से 120 का उपयोग नेपाल के सुरक्षा कर्मी चुनाव के दौरान करेंगे, जबकि शेष 80 का उपयोग चुनाव आयोग करेगा। यह पहली बार नहीं है जब भारत ने चुनावों के लिए नेपाल को रसद सहायता प्रदान की है।

अब तक, भारत ने चुनाव के दौरान नेपाली संस्थानों को 2400 से अधिक वाहन उपहार में दिए हैं। दूतावास ने कहा कि उनमें से 2000 वाहन नेपाल पुलिस और सशस्त्र पुलिस बल जबकि लगभग 400 वाहन नेपाली सेना और चुनाव आयोग को दिए गए हैं। नेपाल के वित्त मंत्री श्री जनार्दन शर्मा ने महत्वपूर्ण चुनावों के लिए भारत सरकार के रसद समर्थन की सराहना करते हुए कहा, हमारे अनुरोध पर भारत सरकार ने आगामी चुनावों के लिए 200 वाहन उपहार में दिए हैं। नेपाल सरकार की ओर से मैं भारत सरकार का तहेदिल से आभार व्यक्त करता हूं। नेपाल के साथ भारत की दीर्घकालिक विकास साझेदारी की चर्चा करते हुए, वित्त मंत्री ने 2015 के विनाशकारी भूकंप और कोविद-19 महामारी सहित विभिन्न अवसरों पर नेपाल को दक्षिणी पड़ोसी के महत्वपूर्ण समर्थन को भी याद किया। बोले, 2015 में नए संघीय लोकतांत्रिक संविधान को लागू करने के बाद यह दूसरा चुनाव होगा। लोकतंत्र, शांति, विकास और राजनीतिक स्थिरता के लिए चुनाव बहुत महत्वपूर्ण हैं।

## किसने क्या कहा...



गंगा-यमुना के संगम की तरह अनंत संभावनाओं और सामर्थ्य को समेटे हुए है काशी तमिल संगम : : मोदी



अंतरराष्ट्रीय समुदाय को आतकंवाद को हराने के लिए कंधे से कंधा मिलाकर लड़ना होगा : अमित शाह



भारत 2050 तक दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा : गौतम अडाणी



राहुल गांधी पर निशाना साधने वालों को बताना चाहिए कि सावरकर को अंग्रेजों से पेंशन क्यों मिली : पटोले

## कार्टून...




# सावरकर : राहुल का कोई दोष नहीं

**बेबाक क़लम**



**डॉ.वेदप्रताप वैदिक**
लेखक, भारतीय विदेश नीति परिषद के अध्यक्ष हैं।

राहुल गांधी की अच्छी-खासी भारत-यात्रा चल रही है, लेकिन पता नहीं क्या बात है कि वक्त-बेवक्त उसमें वे पलीता लगवा लेते हैं। पहले उन्होंने जातीय-जनगणना के सोये मुर्दे को उठा दिया, जिसे उनकी माता सोनिया गांधी ने खुद दफना दिया था और अब उन्होंने महाराष्ट्र में जाकर वीर सावरकर के खिलाफ बयान दे दिया है। क्या उन्हें पता नहीं है कि विनायक दामोदर महाराष्ट्रियन थे और महाराष्ट्र के लोग उन्हें स्वांतर्त्य संग्राम का महानायक मानते हैं? स्वयं इंदिरा गांधी ने उन्हें महान स्वतंत्रता-सेनानी कहा है। राहुल ने ब्रिटिश सरकार को लिखे सावरकर के एक पत्र को उद्धृत करते हुए कहा है कि सावरकर ने अपने आप को अंडमान की जेल से छुड़वाने के लिए ब्रिटिश सरकार से माफी मांगी और रिहा होने के बाद उसके साथ पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। राहुल का कहना है कि सावरकर ने ऐसा करके गांधी, पटेल और नेहरू के साथ विश्वासघात किया और वे अंग्रेजों का साथ देते रहे।

ऐसा कहने में मैं राहुल का कोई दोष नहीं मानता हूं। यह दोष उनका है, जो लोग राहुल को पट्टी पढ़ाते हैं। बेचारे राहुल को स्वाधीनता संग्राम के इतिहास के बारे में क्या पता है? अंग्रेज के जमाने के गुप्त दस्तावेजों का स्वाध्याय और अनुसंधान करना तो राहुल क्या, किसी पढ़े-लिखे नेता से भी उम्मीद नहीं की जा सकती लेकिन सावरकर पर इधर छपे 5-6 प्रामाणिक ग्रंथों को भी राहुल ने सरसरी नजर से भी देख लिया होता तो उन्हें पता चल जाता कि सावरकर और उनके भाई ने आजन्म जेल से छूटने के लिए ब्रिटिश सरकार को एक बार नहीं, कई बार चिट्ठियां लिखी थीं और वे हर कीमत पर जेल से छूटकर अंग्रेज के खिलाफ सशस्त्र क्रांति का षड़यंत्र रच रहे थे। यह बात मैं नहीं कह रहा हूं। लगभग 40 साल पहले नेशनल आर्काइव्ज के गोपनीय दस्तावेजों को खंगालने पर मुझे पता चला कि उनके माफीनामे पर प्रतिक्रिया देते हुए गवर्नर जनरल के विशेष अधिकारी रेजिनाल्ड क्रेडोक ने लिखा था कि सावरकर झूठी माफी मांग रहा है और वह जेल से छूटकर यूरोप के ब्रिटिश-विरोधी आतंकवादियों से हाथ मिलाएगा और सशस्त्र क्रांति के द्वारा ब्रिटिश सरकार को उलटाने की कोशिश करेगा।



सावरकर को जेल से छोड़ने के बाद भी बरसों-बरस नजरबंद करके क्यों रखा गया? यदि सावरकर अंग्रेज भक्त थे तो महात्मा गांधी खुद उनसे मिलने लंदन के 'इंडिया हाउस' में क्यों गए थे? स्वयं गांधीजी ब्रिटिश-विरोधी तो 1916 में बने। 1899 में वे अफ्रीका के बोइर-युद्ध में अंग्रेजों के साथ दे रहे थे। उन्हें 'केसरे-हिंद' की उपाधि भी अंग्रेज सरकार ने दी थी। सावरकर उनके बहुत पहले से ही ब्रिटिश सरकार को उलटाने की कोशिश कर रहे थे? क्या वजह है कि मदाम भीकाजी कामा, सरदार भगत सिंह और सुभाषचंद्र बोस सावरकर के भक्त थे? यह ठीक है कि आप सावरकर और सुभाष बोस के सशस्त्र क्रांति के हिंसक तरीकों से असहमत हों लेकिन सावरकर को लांछित करने और अंग्रेजों को लिखे उनके पत्रों की मनमानी व्याख्या करने की तुक क्या है? यदि राहुल का सोच यह है कि इससे वे ज्यादा वोट कबाड़ सकेंगे तो उन्हें पता होना चाहिए कि महाराष्ट्र में आजकल उनका साथ देनेवाली उद्धव ठाकरे की शिवसेना को उन्होंने कितनी अधिक तकलीफ पहुंचाई है। सावरकर को नीचा दिखाकर भाजपा को हानि पहुंचाने की रणनीति कांग्रेस के लिए आत्मघाती सिद्ध हो सकती है। सावरकर पर खोजपूर्ण लेखों के लिए आप मेरे ग्रंथ 'भाजपा, हिंदुत्व और मुसलमान' को भी पढ़ सकते हैं।

## उपदेश

गौतम बुद्ध से जुड़ी घटना है। उस समय शाक्यों और कोलियों के बीच पानी को लेकर विवाद चल रहा था। पानी रोहिणी नदी का था। दोनों ही राज्य खुद इस नदी के पानी का उपयोग करना चाहते थे, लेकिन दूसरे राज्य को पानी नहीं देना चाहते थे। विवाद इतना बढ़ गया कि युद्ध की नौबत आ गई। दोनों राज्यों की ओर से नारे लगाए जा रहे थे कि खून बहा देंगे, लेकिन पानी नहीं देंगे। उस समय गौतम बुद्ध इन राज्यों की ओर से गुजर रहे थे। उन्होंने सभी को लड़ता देखा तो वे वहां रुक गए। बुद्ध ने सभी लोगों से पूछा, 'क्या बात है, आप सब आपस में लड़ क्यों रहे हैं?' लोग नारे लगा रहे थे कि खून बहा देंगे। बुद्ध ने पूछा, 'खून तो बहा दोगे, लेकिन ये तो बताओ किसके लिए खून बहा दोगे?' लोगों ने जवाब दिया, 'नदी के पानी के लिए।' बुद्ध ने पूछा, 'आप सभी बताइए, पानी का क्या मूल्य है?' सभी बोले, 'पानी का तो कोई मोल नहीं है, पानी तो पानी है।' बुद्ध ने फिर पूछा, 'बताइए योद्धा के खून का क्या मोल है?' सभी लोग एक-दूसरे को देखने लगे, लेकिन कोई कुछ बोला नहीं। तब बुद्ध ने कहा, 'इंसान का खून बहुत मूल्यवान है। कम से कम पानी के लिए तो इसे नहीं बहाना चाहिए।' ये बात दोनों राज्यों के लोग समझ गए और युद्ध वहीं खत्म हो गया। ये कहानी हमें समझा रही है कि आज के समय में भौतिक सुख-सुविधाओं के लिए इंसान आपस में लड़ते हैं, लेकिन हम ये भूल जाते हैं कि हमारे शरीर की अपनी उपयोगिता है। शरीर का खून, अंग बाहर की हर चीज से ज्यादा मूल्यवान है। इसलिए सुख-सुविधाओं की चीजों के लिए किसी इंसान को मानसिक और शारीरिक रूप से नुकसान नहीं पहुंचाना चाहिए।

*उन्होंने सभी को लड़ता देखा तो वे वहां रुक गए। बुद्ध ने सभी लोगों से पूछा, 'क्या बात है, आप सब आपस में लड़ क्यों रहे हैं?' लोग नारे लगा रहे थे कि खून बहा देंगे। बुद्ध ने पूछा, 'खून तो बहा दोगे, लेकिन ये तो बताओ किसके लिए खून बहा दोगे?' लोगों ने जवाब दिया, 'नदी के पानी के लिए।' बुद्ध ने पूछा, 'आप सभी बताइए, पानी का क्या मूल्य है?' सभी बोले, 'पानी का तो कोई मोल नहीं है, पानी तो पानी है।'*

## गन्ना बकाया भुगतान को लेकर किसानों ने शुरू किया अनिश्चितकालीन धरना



अमर ख्याल ब्यूरो

**बहराइच।** जिले के चिलवरिया में स्थित शिंभावली शुगर मिल के सामने शुक्रवार को किसान भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले धरने पर बैठ गए। सभी का कहना है कि अभी तक पिछले सत्र का बकाया गन्ने का भुगतान नहीं किया गया है। जबकि दूसरे सत्र के संचालन का समय नजदीक आ गया है। जनपद के चिलवरिया में शिंभवली शुगर मिल का संचालन होता है। इस मिल में काफी मात्रा में किसानों का गन्ना मूल्य बकाया है। इसको लेकर शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत संगठन के द्वारा शिम्भावली शुगर लिमिटेड चिलवरिया मिल परिसर में किसानों का पुराना गन्ना मूल्य भुगतान को लेकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। किसान बकाया भुगतान के लिए अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए हैं। जिसमें किसानों का कहना है कि जबतक गन्ना मूल्य भुगतान नहीं किया जायेगा, तब तक किसान घर नहीं जायेगा।धरने पर मौजूद किसानों में जिलाध्यक्ष मोहन लाल वर्मा व युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष धर्मदेव सिंह, जिला महासचिव प्रमोद तिवारी, जिला कोषाध्यक्ष घनश्याम, जिला प्रवक्ता पुत्तीलाल यादव, जिला उपाध्यक्ष डा अमरनाथ विश्वकर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष पयागपुर गुड्डू मिश्रा, तहसील अध्यक्ष पयागपुर शतोष जायसवाल, महिला मोर्चा जिला ?उपाध्यक्ष सरोज कुमारी, पुष्पा देवी आदि सैकड़ों किसान उपस्थित हैं

## नगरीय निकायों की मतदाता सूची का हुआ अन्तिम प्रकाशन

अमर ख्याल ब्यूरो

**बहराइच।** अपर जिला मजिस्ट्रेट/निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (न.नि.) मनोज ने बताया कि जनपद बहराइच की नगर पालिका परिषद बहराइच एवं नानपारा तथा नगर पंचायत रिसिया, जरवल, पयागपुर, रुपईडीहा, मिहींपुरवा एवं कैसरगंज की वार्डवार निर्वाचक नामावलियों का अन्तिम रूप से प्रकाशन कर दिया गया है। श्री मनोज ने बताया कि निर्वाचक नामावलियां उनके कार्यालय, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय, जिला निर्वाचन कार्यालय (पंचायत एवं नगरीय निकाय) तथा सम्बन्धित निकायों के कार्यालयों में जन-सामान्य के अवलोकनार्थ उपलब्ध है

## राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की मासिक बैठक सम्पन्न



अमर ख्याल ब्यूरो

**बाबागंज ( बहराइच )** बहराइच राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ इकाई नवाबगंज की मासिक बैठक ब्लॉक संसाधन केंद्र नवाबगंज (बाबागंज) पर आयोजित की गई। बैठक में सभी पदाधिकारीगण व संरक्षक मौजूद रहे। बैठक में शिक्षको की बिभिन्न समस्याओ पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे प्रदीप त्रिपाठी ने कहा की ब्लॉक में शिक्षक - शिक्षिकाओ का शोषण किसी भी स्तर पर बर्दास्त नहीं किया जायेगा। तत्पश्चात ब्लॉक अध्यक्ष विपिन सिंह ने अपने सम्बोधिन में कहा कि एमएलसी (स्नातक खंड ) में शतप्रतिशत नामावली में नाम जुड़वाने, संगठन विस्तार पर चर्चा, शैक्षिक कार्यों को निष्पादन में आने वाली समस्याओ पर चर्चा परिचर्चा की गई। जिसपर उपस्थिति सभी पदाधिकारियों ने सहमति जताई। सर्वसहमति से अपर्णा सक्सेना को नवाबगंज इकाई का संगठन महिला उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया। इस मौके पर आशीष पाण्डेय, विनोद गिरि, दिलीप कुमार, जीतेन्द्र कुमार, दिनेश लाल, नफीस कादरी निगार सुल्ताना, सुमित शुक्ला अंकु? सिंह उपस्थिति रहे।


## उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक मृतक आश्रित शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ का हुआ चुनाव



अमर ख्याल ब्यूरो

**बहराइच।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक मृतक आश्रित शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ के जिला कार्यवाहक अध्यक्ष लवकुश शुक्ला की देखरेख मेंअजय कुमार अध्यक्ष, दुर्गेश बर्मा, उपाध्यक्ष, महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्षा दुर्गावती उपेन्द्र शुक्ल कोषाध्यक्ष,फिरोज खान,संजय कुमार,नसीम खान, प्रेमनारायण, सगीर अहमद, शिवकुमारी आदि समिति में मनोनीत किए गए

## महिला की पिटाई कर लज्जा भंग करने का प्रयास



अमर ख्याल संवाददाता

**परसपुर (गोण्डा)** थाना परसपुर क्षेत्र अन्तर्गत एक गांव की निवासिनी महिला की तहरीर पर पुलिस ने पांच नामजद व कुछ अन्य लोगों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है। जिसमें नंदकिशोर,अंजनी,हृदय,ओमप्रकाश,कन्हैया व अज्ञात लोग शामिल हैं। मामले में महिला का आरोप है कि बीते बुधवार को उसका पुत्र बांस काटने जा रहा था। रास्ते में आरोपियों ने उसके पुत्र की पिटाई करनी शुरू कर दी। हल्ला गुहार सुनकर वह अपने पुत्र को बचाने दौड़ी तो आरोपी उसकी भी पिटाई करने लगे। यही नहीं उसका कपड़ा फाड़ कर लज्जा भंग करने का भी प्रयास किये। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक थाना परसपुर संतोष कुमार सरोज ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है।

## महाराष्ट्र के साइकिल यात्री शिवाजी पुंडलिक राव पाटिल का रोटरी ने किया स्वागत

### तेरा तुझको अर्पण नारे' के अंतर्गत कर रहे है साइकिल यात्रा

अमर ख्याल ब्यूरो

कुशीनगर। पिछले एक वर्ष से अब तक 22 हजार किमी की साइकिल यात्रा कर भारत-भ्रमण पर निकले नांदेड़ (महाराष्ट्र) निवासी शिवाजी पुंडलिक राव पाटिल का शनिवार शाम रोटरी क्लब कुशीनगर के सदस्यों द्वारा कुशीनगर स्थित बुद्धा घाट पर माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत एवं सम्मानित किया गया

साइकिल यात्री शिवाजी पुंडलिक राव पाटिल ने बताया कि यह साइकिल यात्रा 'तेरा




तुझको अर्पण नारे' के अंतर्गत पिछले वर्ष 15 नवम्बर 2021 से अपने गृह नगर नांदेड़ से यात्रा शुरू कर महाराष्ट्र, गोवा, दमन दीव, दादर नागर हवेली, मध्य प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, उत्तराखण्ड, हिमाचल प्रदेश, लद्दाख, जम्मू-कश्मीर, पंजाब, राजस्थान होते हुए उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों का भ्रमण कर अपने देश के भौगोलिक एवं सांस्कृतिक परिवेश का अध्ययन करने का मुझे अवसर मिला है उन्होंने बताया कि अभी यह यात्रा नवम्बर 2023 में समाप्त होगी। इस यात्रा में देश के कई स्थानों पर रोटरी क्लब का सहयोग मिला जिसके लिए रोटरी के समस्त सदस्यों का आभार व्यक्त किया इस अवसर पर रोटरी के उपाध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता, सचिव वाहिद अली, आलोक कुमार यादव आदि उपस्थित रहे

## नहीं थम रहा रहा लव जेहाद का मामला,कर्नलगंज में आया सामने

अमर ख्याल संवाददाता

कर्नलगंज(गोण्डा) उत्तरप्रदेश में सत्तासीन योगी सरकार द्वारा धर्मांतरण पर सख्त कानून बनाने के बाद भी लोगों के हौसले बड़े हुए हैं और लगातार इस तरह की घटनाएं खासकर नाबालिग लड़कियों को बहला-फुसलाकर उनके साथ दुष्कर्म करने व छेड़छाड़ करने और धर्मांतरण के लिए दबाव बनाने की घटनाएं होती देखी जा रही हैं। इसी तरीके का एक मामला कर्नलगंज कोतवाली क्षेत्र में सामने आया है, जहां पीड़िता के पिता द्वारा कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया गया कि मोहल्लों में मछली बेचने का काम करने वाले एक गैर जनपद निवासी व्यक्ति द्वारा उसकी




नाबालिग बालिका को बुरी नियत से बहला-फुसलाकर भगा ले जाया गया है। जिसकी सूचना पर हरकत में आई पुलिस ने आनन-फानन में बालिका को बरामद किया। फिलहाल योगी सरकार का धर्मांतरण पर कानून ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति पर रोक लगाने में कामयाब हो सकेगा यह कहना बहुत ही मुश्किल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली कर्नलगंज क्षेत्र के अन्तर्गत एक गाँव के रहने वाले अनुसूचित जाति के व्यक्ति ने दी गई तहरीर में कहा है कि मेरे ही गाँव में मछली पालन व मछली बेचने वाले वाहिदू पुत्र अज्ञात निवासी जिला सिद्धार्थनगर उसकी नाबालिग पुत्री उम्र करीब 14 वर्ष को दिनाँक 15.11.2022 को समय शाम लगभग 7 बजे प्रार्थी व घर के सदस्यों के व्यस्त होने का मौका पाकर अन्य के सहयोग से बुरी नियत से बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गये। जिनका पता लगाकर दिनांक 18.11.2022 को मुकदमा लिखाने आया हूँ। जिससे श्रीमान जी से निवेदन है कि मेरा मुकदमा लिखवाकर कानूनी कार्यवाही करने की कृपा करें। जिसकी सूचना पर हरकत में आई पुलिस ने घटना के संबंध में आरोपी के विरूद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज करके आनन-फानन में बालिका को बरामद कर लिया है।

# सोशल मीडिया पर वायरल आडियो मामले में ग्राम विकास अधिकारी नंदिनी मौर्या सस्पेंड

### विभागीय जांच के आदेश, बीडीओ बेलसर को जांच अधिकारी किया गया नामित

अमर ख्याल संवाददाता

कर्नलगंज(गोण्डा) विकास कार्य के धनराशि भुगतान करने के बदले में कमीशन मांगने से संबंधित सोशल मीडिया पर वायरल आडियो के मामले में सेक्रेटरी नंदिनी मौर्या को सस्पेंड कर दिया गया है। वहीं सस्पेंड सेक्रेटरी को हलधरमऊ विकास खंड से संबद्ध कर उनके खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिये गये हैं।प्रकरण कर्नलगंज विकास खंड के ग्राम पंचायत फत्तेपुर से जुड़ा है, जहां ग्राम प्रधान के सहयोगी द्वारा संबंधित सेक्रेटरी नंदिनी मौर्या से भुगतान को लेकर हुई बातचीत में कमीशन मांगने का मामला सामने आया था और बातचीत का आडियो भी खूब वायरल हुआ था। उक्त वायरल आडियो का संज्ञान लेते हुए फत्तेपुर गांव में तैनात सेक्रेटरी नन्दिनी मौर्या को निलम्बित कर दिया गया है। वहीं निलम्बित ग्राम विकास अधिकारी को हलधरमऊ ब्लाक से संबद्ध कर उनके खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिये गये हैं। मामले से संबंधित आडियो में ग्राम विकास अधिकारी व ग्राम पंचायत फत्तेपुर की प्रधान जफरुल निशा का काम




देख रहे विवेक श्रीवास्तव फोन पर बात कर रहे हैं। इसमें प्राथमिक विद्यालय फत्तेपुर, प्राथमिक विद्यालय मोहम्मदपुर कमियार, एएनएम सेंटर के भवन के मरम्मत में चार लाख रुपये खर्च होने की बात हो रही है।पंचायत सचिव पर चहेती फर्म पर भुगतान चाहने और कमीशन भी मांगने के साथ ही डोंगल लगाने से मना करने का आरोप है। ग्राम विकास अधिकारी द्वारा प्रधान के सहयोगी बताए जा रहे युवक के फोन पर काल करके एक लाख एक हजार रुपये कमीशन अपनी चहेती फर्म के नाम भुगतान करने का दबाव बनाने से जुड़े बताये जा रहे आडियो में वह कह रही है कि अपना कमीशन मांग रही हूं, तुम्हारे बाप की कमाई नहीं। इसी के साथ आखिरी भुगतान होने की धमकी भी दी। उक्त मामले में जिला विकास अधिकारी गोंडा ने जारी निलम्बन आदेश में कहा है कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ है,जिसमें सेक्रेटरी नन्दिनी मौर्या द्वारा ग्राम फत्तेपुर में प्रधान प्रतिनिधि से एन०एम०सेन्टर, मानदेय, प्राथमिक विद्यालय फत्तेपुर मु0 81,000.00 एवं मु0 1,67,000.00 आदि के सम्बन्ध में कमीशन की मांग की गयी है।जो कि भ्रष्टाचार की श्रेणी में आता है और ऐसे कृत्य से प्रशासन की छवि धूमिल हुई है। ऐसे में आरोपी नन्दिनी मौर्या के इस कृत्य को उत्तर प्रदेश सरकारी कर्मचारी आचरण नियमावली के प्राविधानों के प्रतिकूल मानते हुए उन्हें निलंबित कर दिया गया। निलम्बन अवधि में नन्दिनी मौर्या को वित्तीय हस्तपुस्तिका खण्ड-2 भाग-2 से 4 के मूल नियम 53 के प्राविधानों के अनुसार जीवन निर्वाह भत्ता अर्द्ध औसत वेतन पर/अर्द्ध वेतन पर देय अवकाश के बराबर देय होगा एवं उक्त धनराशि पर देय मंहगाई भत्ता भी मिलता रहेगा। इतना ही नहीं निलम्बन के साथ ही नन्दिनी मौर्या को विकास खण्ड हलधरमऊ से सम्बद्ध कर उनके विरुद्ध विभागीय जांच हेतु खण्ड विकास अधिकारी बेलसर को जांच अधिकारी नामित किया गया है। वहीं ग्राम विकास अधिकारी नन्दिनी मौर्या ने अपने ऊपर लगाए गए सभी आरोपों को निराधार बताया है।

उन्होंने कहा कि विवेक श्रीवास्तव ने आडियो को काट-छांटकर बनाया है। उन्हें बदनाम करने व दबाव बनाकर भुगतान कराने के लिए आडियो को वायरल किया गया है। इसी के साथ ही उनके द्वारा जांच में सहयोग करने की बात कही गई है।

## दो शातिर चोर अभियुक्त 24 घण्टे के अन्दर चोरी के माल सहित गिरफ्तार

### शतप्रतिशत माल बरामद ,अनुमानित कीमत 47 लाख



अमर ख्याल संवाददाता

**गोण्डा।** थाना कोतवाली नगर पुलिस को वादी श्रवण कुमार गुप्ता पुत्र स्व0 रामगोविन्द गुप्ता निवासी रानीबाजार गोण्डा ने चोरी होने की सूचना दी थी। प्रकरण को संज्ञान में लेकर जनपद के तेजतर्रार पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने उक्त घटना के शीघ्र अनावरण हेतु क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर व एस0ओ0जी0 टीम को कड़े निर्देश दिए, उक्त दिशा-निर्देश के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर व एस0ओ0जी0 की संयुक्त टीम की तत्परता से सुरागरसी- पतारसी के दौरान मुखवीर खास की सूचना पर चोरी की घटना में संलिप्त 02 आरोपी अभियुक्तों- 01. अभय कुमार गुप्ता उर्फ प्रिंस उर्फ जीत गुप्ता 02. अखिलेश तिवारी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 06 अदद हार, 02 अदद कंगन, 06 अदद चूड़ी, 11 अदद चेन, 18 अदद झुमकी झाला, 02 अदद हाथ पूल, 09 अदद अगूठी, 06 अदद लाकेट, 06 अदद टप्स, 01-01 अदद नाक का कील, मंगल सूत्र, नाक का नथ, कान की बाली, मांग टीका, बचकाना पायल (सभी पीली धातु( अनुमानित कीमत 47 लाख) बरामद किया गया। उक्त अभियुक्तगण द्वारा वादी श्रवण कुमार गुप्ता के घर में चोरी की गयी थी। जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर में अभियोग पंजीकृत किया गया था।गिरफ्तारकर्ता टीम प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह थाना कोतवाली नगर जनपद गोण्डा,प्रभारी एस0ओ0जी0 संतोष कुमार सिंह मय टीम जनपद गोण्डा, चौकी प्रभारी बड़गाँव उ0नि0 प्रतीक पाण्डेय मय टीम थाना कोतवाली नगर जनपद गोण्डा

## दुष्कर्म के आरोपी अभियुक्त को दस वर्ष की हुई सजा

अमर ख्याल संवाददाता

**गोण्डा।** अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन, गोरखपुर के निर्देशन व पुलिस उपमहानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान ह्यमिशन शक्ति अभियानह्ल व ह्यऑपरेशन शिकंजाह्ल जिसकी मॉनीटरिंग स्वयं जनपद के तेजतर्रार पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर द्वारा प्राथमिकता से करते हुए प्रभावी पैरवी कराई गई जिसके फलस्वरूप दुष्कर्म के आरोपी अभियुक्त को 10 वर्ष सश्रम कारावास व अर्थदण्ड की सजा कराने में सफलता प्राप्त हुई ।दिनांक 20.05.2018 को थाना वजीरगंज क्षेत्र के अन्तर्गत अभियुक्त वसीम अहमद पुत्र करीम निवासी मुडीला निकट बंधवा चौराहा थाना वाजीरगंज गोण्डा ने वादी की पुत्री को बहलाफुसलाकर भगा ले गया था व उसके साथ दुष्कर्म जैसा जघन्य अपराध किया था ।जिसमे पुलिस द्वारा तत्काल अभियोग पंजीकृत कर उक्त अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था । मॉनिटरिंग सेल व थाना वजीरगंज के पैरोकार मुख्य आरक्षी रामदास द्वारा निरंतर की गई सशक्त व प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप उक्त अभियुक्त को माननीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश गोंडा ने 10 वर्ष सश्रम कारावास व अर्थदंड की सजा सुनाई है ।महिलाओ/बालिकाओं के विरुद्ध हुए ऐसे सभी अपराधों के इन मुकदमों को पुलिस अधीक्षक गोंडा आकाश तोमर के निर्देशन में मॉनिटरिंग सेल द्वारा सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखते हुए निरन्तर प्रभावी पैरवी की जा रही है

## थाना बिलसंडा पुलिस की सक्रीयता के चलते नवजात बच्ची की बची जान






अमर ख्याल

**पीलीभीत।** बिलसंडा के अंतर्गत पड़ने वाले गांव से है जहाँ पुलिस की सक्रीयता के चलते नवजात बच्ची की बची जान थाना बिलसंडा क्षेत्र के ग्राम रुरिया धुरिया में एक नवजात बच्चा झाड़ियों में पड़ा है । जिसकी सूचना बिलसंडा थानाध्यक्ष अचल कुमार को फोन पर दी गई सूचना पर तत्काल संज्ञान लेते हुये थानाध्यक्ष अचल कुमार ने पुलिस टीम गठित की टीम में हेड कांस्टेबल अजीज, महिला कॉन्स्टेबल भावना, महिला कॉन्स्टेबल मधु के साथ मौके पर रवाना हुए एवं मौके पर पहुंचकर नवजात बच्ची को सकुशल झाड़ियों से निकाला बच्ची की सासें चल रहीं थी तभी थानाध्यक्ष अचल कुमार ने पुलिस टीम के साथ नवजात बच्ची को तुरंत सीएससी बिलसंडा लाकर उसका प्राथमिक उपचार करवाया और इलाज के लिए जिला अस्पताल पीलीभीत लेकर पहुंचे। अब बच्ची स्वच्छ व सुरक्षित है। बच्ची का चिकित्सकों की निगरानी में इलाज कराया जा रहा है। बच्ची की पहचान करने के लिए पुलिस टीम जांच पड़ताल कर रही है जांच पड़ताल के बाद अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

# सीडीओ ने तहसील तरबगंज में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की सुनी समस्याए

अमर ख्याल संवाददाता

गोण्डा ।शासन की मंशानुरूप जन सामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं का एक ही स्थल पर निस्तारण कराने के उद्देश्य से आज जनपद के समस्त तहसीलो में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें तहसील तरबगंज में सीडीओ ने आये हुये फरियादियों की समस्याओं को सुना तथा शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को प्रेषित किया गया। तहसील तरबगंज में कुल 170 प्रार्थपा पत्र प्राप्त हुये जिसमें 04 प्रार्थना पत्र का मौके पर ही हुआ निस्तारण, शेष प्रार्थना पत्र को निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत प्रकरण का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करते हुये आख्या तहसील में उपलब्ध करायें।उन्होंने कहा कि अवैध अतिक्रमण के मामले में पुलिस फोर्स के साथ मौके पर जाकर निस्तारित कराना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि तालाब, जमीन की पैमाइश, अवैध कब्जा, चकरोड, नाली, अवैध अतिक्रमण आदि को पुलिस फोर्स के साथ हटवाने का कार्य करें।शिकायतकताओं को मौके पर बुलाएं। उसके आने पर लिखित रूप से उल्लेख करें




और निस्तारण के प्रकरण का फोटोग्राफी/वीडियोग्राफी भी करें। समाधान दिवस में प्राप्त हुए शिकायतों का निस्तारण मौके पर जाकर पूरी गुणवत्ता के साथ करें अन्यथा संबंधित विभाग के अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ० रश्मि वर्मा, उप जिलाधिकारी तरबगंज शत्रोहन पाठक,पुलिस क्षेत्राधिकारी तरबगंज, तहसीलदार पुष्कर मिश्र, नायब तहसीलदार, जिला विकास अधिकारी दिनकर विद्यार्थी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, उपनिदेशक कृषि, जिला पंचायत राज अधिकारी लाल जी दूबे, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पांडेय, थानाध्यक्ष तरबगंज, वजीरगंज, नवाबगंज, सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# खेल मंत्री ने 37वीं अखिल भारतीय प्राइजमनी इन्द्रिरा मैराथन-2022 को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

मनोज त्रिपाठी


प्रयागराज। 37वीं अखिल भारतीय प्राइजमनी इन्दिरा मैराथन-2022 प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार को किया गया। 37वीं अखिल भारतीय प्राइजमनी इन्दिरा मैराथन-2022 को माननीय राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार खेल एवं युवा कल्याण गिरीश चन्द्र यादव ने शनिवार को प्रातः 06:30 बजे आनंद भवन से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। मैराथन प्रतियोगिता निर्धारित मार्गों से होते हुए मदन मोहन मालवीय स्टेडियम में समाप्त हुई। इस अवसर पर जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री, खेल निदेशक आर०पी० सिंह एवं ए०डी०एम० (सिटी) मदन कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट उपस्थित रहें। 37वीं अखिल भारतीय प्राइजमनी इन्दिरा मैराथन-2022 में पुरूष वर्ग में श्री शेर सिंह निवासी जयपुर राजस्थान प्रथम, विक्रम बांगरिया निवासी महाराष्ट्र द्वितीय तथा अनिल कुमार सिंह निवासी प्रयागराज उत्तर प्रदेश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार महिला वर्ग में सुधा सिंह निवासी रायबरेली उ0प्र0 ने प्रथम, अश्विनी मदन जाधव निवासी महाराष्ट्र द्वितीय तथा ज्योति शंकर राव निवासी महाराष्ट्र ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इंदिरा मैराथन के समापन के अवसर पर माननीय मंत्री गिरीश चन्द्र यादव ने मैराथन में प्रतिभाग करने आये हुए सभी खिलाड़ियों से कहा कि जो आज विजेता हुए है, उन्हें बहुत-बहुत शुभकामनाएं, लेकिन जो किन्हीं कारणों से आज विजेता बनने से चूक गये है, उन्हें मायूस होने की जरूरत नहीं है। उन्होंने



खिलाड़ियों से कहा कि आज आप यहां से संकल्प लेकर जाये कि अगली बार हम इस प्रतियोगिता को जीतेंगे। आज नहीं तो कल आपकों सफलता जरूर मिलेगी।मंत्री ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले सभी लोगो को भी बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार खिलाड़ियों को प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए हरसम्भव प्रयास कर रही है तथा खिलाड़ियों के हित में आवश्यक फैसले ले रही है। सरकार की यह प्राथमिकता है कि खिलाड़ियों को अच्छी डाईट, अच्छा प्रशिक्षण उपलब्ध हो। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में खेल बढ़ावा देने के उद्देश्य से मेरठ में खेल विश्वविद्यालय की स्थापना की जा रही है। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि आने वाले दिनों में प्रदेश के कई और खिलाड़ी राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर देश व प्रदेश का मान बढ़ायेंगे। उन्होंने कहा कि मुझे यह विश्वास है कि उत्तर प्रदेश एक दिन खेल के क्षेत्र का हब बनेगा। मंत्री ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले जगत तारन गर्ल्स इण्टर कालेज, ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मंदिर गंगापुरी, ज्वाला देवी बालिका इण्टर कालेज मम्फोर्डगंज, आर्य कन्या इण्टर कालेज के बच्चों की सराहना की। सांसद फूलपुर केशरी देवी पटेल ने इंदिरा मैराथन में प्रतिभाग करने वाले सभी खिलाड़ियों व लोगो को बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के द्वारा खेलो इंडिया का जो अभियान चलाया गया है, उससे नई-नई प्रतिभाएं निखर कर सामने आ रही है तथा खेल के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही है। जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने अपने सम्बोधन में कहा कि मैराथन में देश के कई राज्यों से प्रतिभावान खिलाड़ियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया है। यह बताता है कि यह मैराथन पूरे भारत में प्रसिद्ध है। उन्होंने कहा कि 37वीं अखिल भारतीय प्राइजमनी इन्दिरा मैराथन-2022 के विजेता खेल के क्षेत्र में आदर्श बनकर निकलेंगे और दूसरे खिलाड़ियों के लिए प्रेरणाश्रोत बनेंगे

**सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए कृतसंकल्पित : मंत्री**

## श्रीमद्भागवत के छठें दिन भगवान श्री कृष्ण के रासलीला का किया वर्णन



**मनोज त्रिपाठी**

लालापुर ( प्रयागराज ) क्षेत्र के ततारगंज गांव में लोक कल्याण के लिए आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छठें दिन आचार्य श्याम सुंदर त्रिपाठी के मुखारबिंद से भगवान की रासलीला, कालियानागदमन, वेणुगीत, गोपिगीत, चीरहरण तथा रुक्मिणी विवाह सहित 8 पटरानियों एवं 16 हजार अन्य रानियों के साथ विवाह के प्रसंग पर बड़ा ही मनोहर माधुर्यपूर्ण तथा श्रृंगाररस से ओतप्रोत प्रसंगों का आकर्षक विवरण किया गया। प्रत्येक प्रसंग का उपदेशपूर्ण एवं हृदयावर्जक वर्णन किया गया।भारतीय सनातन संस्कारों से संबंधित सोहर,उपनयन,विवाह संबंधित अनेकानेक मंगलगीत सुनकर श्रोतागण आत्ममुग्ध हो गए। विशेषकर महिलाएं अपनी सुधबुध भूलकर मानों भगवान के विवाहलीला में सशरीर उपस्थित होकर धन्य हो गईं। श्रोतागण भगवतलीला एवं चरित्र देर रात तक मंत्रमुग्ध होकर सुनते रहे। कथा का रसपान करने वालों में दिवाकराचार्य त्रिपाठी,बालकृष्ण तिवारी,माताबदल मिश्रा,राजेश त्रिपाठी ₹गंगाधाम₹,रमेश दुबे,दिनेश तिवारी,मनोज दुबे,शिवाजी,इंद्रजीत सिंह,अर्जुन,अरुण दुबे,सुधीर मिश्र,हंसराज दुबे,गोपाल दुबे,रामदयाल,गब्बर,ज्ञानेंद्र,बुल्लन सोनी,कमलेश विश्वकर्मा,द्दगपाल सोनकर,गजाधर,मुन्ना हरिजन आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## कृषि विभाग द्वारा औसतन पैदावार का किया गया मूल्यांकन,उपज देखकर खिले किसानों के चेहरे



**अमर ख्याल , मनोज त्रिपाठी**

**बारा ( प्रयागराज )** शनिवार को ग्राम सभा चामू के विकास खंड जसरा में कृषि विभाग के अधिकारी जयवीर सिंह ने क्रॉप कटिंग कराई जिसकी उपज को देखकर किसानों के चेहरे खिल उठे जयवीर सिंह ने बताया कि प्रति हेक्टेयर 83.80 कुंटल है। ग्राम सभा चामू के किसान राजवंश पुत्र देव मुनि के खेत में जाकर कृषि विभाग के अधिकारी ने क्रॉप कटिंग कराई जिसकी कुल माप 46.9 किलो रही नमी को काटकर 36.6 किलो प्राप्त हुआ इससे वहा पर मौजूद किसानों ने कहा की इस बार पैदावार बहुत ही अच्छी हुई है। मौजूद किसानों में प्रमुख रूप से नागेंद्र प्रताप सिंह,द्वारिका सिंह, रमेंद्र सिंह,राजा तिवारी,राम बाबू केसरवानी आदि रहे

## वीनस शुगर मिल के एजीएम पर भड़के किसान

अमर ख्याल संवाददाता



मुरादाबाद बिलारी के जरगांव गन्ना क्रय केंद्र पर धरने में चौथे दिन वीनस शुगर मिल मझावली के एजीएम भानु प्रताप पहुंचे तो किसानों ने कहा ॅहम वीनस शुगर मिल को गन्ना नहीं देंगे पहले हमारा 2006- 2007 व 2011 भुगतान किया जाए और हमें लक्ष्मी शुगर मिल बिलारी से ही जोड़ा जाए भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष तेजभान सिंह से वीनस शुगर मिल के एजीएम की वार्ता होने पर जिला अध्यक्ष तेजभान सिंह ने कहा कि पहले तो आप गन्ना अधिकारी से बात करके किसानों का पिछला भुगतान करिए नहीं तो यह धरना अनिश्चित काल तक चलता रहेगा वीनस शुगर मिल के एजीएम ने अपनी मिल के अधिकारियों से फोन से बात करके जिला अध्यक्ष से सोमवार तक का समय मांगा किसानों को समर्थन देने आए भारतीय किसान संघ के प्रांत संगठन मंत्री सुनील कुमार ने कहा सब्र का फल मीठा होता है पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कार्यकर्ता व किसान भाई आपके साथ हैं हम किसान भाई लखनऊ से दिल्ली तक जाएंगे और अपना हक लेकर रहेंगे धरना स्थल पर जिला रामपुर के भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष आदेश शंखधार भी अपना समर्थन लेकर किसानों के बीच पहुंचे नरेंद्र कुमार प्रांत उपाध्यक्ष मेरठ तेजपाल सिंह विकासखंड कार्यकारणी हसनपुर मनवीर सिंह रमेश कुमार विभाग संगठन मंत्री भारतीय किसान संघ जिला अध्यक्ष तेजभान सिंह राघव प्रांत जैविक प्रमुख जुगनेश राघव जिला मंत्री शिवराज राठी ब्लॉक मंत्री अमन सक्सैना ब्लॉक प्रचार प्रमुख कमल प्रजापति ब्लॉक अध्यक्ष राजपाल सिंह यादव आदि उपस्थित रहे

## खेत में गन्ने की पराली जलाते समय दूसरे के गन्ने के खेत में लगी आग



**संवाददाता मुकेश कुमार**

**सीतापुर ।** रेउसा थाना क्षेत्र में अज्ञात कारणों के चलते 18 एकड़ गन्ने की फसल जलकर हुई खाक आपको बताते चले जहां मौसम की बढ़ती ठंडी और सर्द हवाएं तो वहीं दूसरी तरफ अज्ञात कारणों के चलते 2 किसानों की गन्ने की फसल जलकर हुई खाक राजीव प्रताप सिंह निवासी चंद्रसेनी जिन्होंने अपना खेत ठेके में शिवकुमार पुत्र रतई,रामनाथ पुत्र रतई निवासी गुडरुआ किसानों को दे रखा था जब अज्ञात कारणों से लगी आग के लपटे देखकर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। जिसको देखकर मौके पर पहुंचे दोनो किसान व ग्रामीणों के सहयोग से टैक्टर हीरो कि कड़ी मेहनत व मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू जिसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंचे ग्राम प्रधान तृप्ति सिंह उर्फ (गुड्डू सिंह) इसकी सूचना क्षेत्रीय लेखपाल राजेश को दी गयी तो उन्होंने बताया कि मौके का निरीक्षण करके दोनों किसानों का सरकार व मेरी तरफ से पूर्ण रूप से सहायता व सहयोग किया जाएगा।

## आर्यावर्त बैंक द्वारा वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम गोष्ठी का आयोजन



**अमर ख्याल ब्यूरो**

**बहराइच ।** राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड के वित्तीय समावेशन निधि के अंतर्गत प्रायोजित एवं आर्यावर्त बैंक द्वारा वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम गोष्ठी का आयोजन नवाबगंज के मिजार्पुर तिलक में किया गया। इस चौपाल गोष्ठी कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को बैंक द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। गोष्ठी मे जादूगर आदर्श सिंह के द्वारा रंगारंग मैजिक शो के माध्यम से ग्रामीणों को बचत, निवेश, भुगतान व बैंक खाता संचालन की महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। गोष्ठी मे अटल पेंशन, किसान सुरक्षा बीमा, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा के बारे मे कृषको व ग्रामीणों को विस्तार से बताया गया। गोष्ठी के दौरान लगभग 20 ग्रामीणों का खाता भी आर्यावर्त बैंक मे खोला गया। इस दौरान कार्यक्रम मे शाखा प्रबंधक नौव्वा गांव मोहित कुमार, बैंक कर्मचारी सुशील कुमार सहित रामकिशोर, रामावती, मुबारक, इकरार आलम, इस्तियाक अहमद, मो नासिर, कलावती आदि ग्रामीण महिला पुरुष मौजूद रहे।

## संपूर्ण समाधान दिवस 39 शिकायतों में 7 का हुआ मौके पर निस्तारण



अमर ख्याल सोनी कुमारी

महराजगंज ( रायबरेली ) सभी कर्मचारी और अधिकारी फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक ले और उनका निस्तारण करें लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों को बख्शा नहीं जाएगा यह उद्गार आज संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रहे उपजिला अधिकारी धीरज श्रीवास्तव व्यक्त कर रहे थे। तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता एसडीएम धीरज श्रीवास्तव द्वारा की गई संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 39 शिकायती पत्र आए जिनमें 7 शिकायती पत्रों का मौके पर ही अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा निस्तारण कर दिया गया। बाकी शिकायतों के लिए उप जिला अधिकारी धीरज श्रीवास्तव द्वारा टीमें गठित कर जल्द से जल्द निस्तारण की बात कहीं गई। राजस्व विभाग के 17 शिकायती पत्र पुलिस विभाग के 9 विकास से संबंधित 3 शिकायती पत्र विद्युत विभाग के 7 अन्य 3 शिकायतीपत्र संपूर्ण समाधान दिवस मे आए । इस मौके पर तहसीलदार अनिल पाठक खंड विकास अधिकारी शिव बहादुर सिंह सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे ।

## न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल मे लक्ष्मीबाई एवं इंदिरा गांधी का जन्म दिवस धूमधाम से मनाया गया



अमर ख्याल , सोनी कुमारी

महराजगंज ( रायबरेली ) न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सलेथू महराजगंज मे सर्वप्रथम प्रधानाचार्य राजीव सिंह तथा उप प्रधानाचार्या रजनी श्रीवास्तव के द्वारा वीरांगना लक्ष्मीबाई एवं स्व0 इंदिरा गांधी की छाया चित्र पर माल्यार्पण किया गयो प्रधानाचार्य राजीव सिंह द्वारा बच्चों को संबोधित करते हुए बताया गया कि आज भारत की दो सशक्त महिलाओं का जन्मदिन है जिनमें पहली वीरांगना लक्ष्मीबाई है जिन्होंने सिर्फ 23 वर्ष की अवस्था में अंग्रेजों से लोहा लेते हुए वीरगति को प्राप्त किया तथा दूसरी पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 इंदिरा गांधी है जो वर्ष 1966 से 1977 तक लगातार 3 बार के लिए भारत गणराज्य की प्रधानमंत्री रही और उसके बाद चौथी बार भी सन 1980 में पुनः प्रधानमंत्री चुनी गई परन्तु प्रधानमंत्री रहते हुए ही सन 1984 में उनकी राजनीतिक हत्या की गई इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिका श्रद्धा अवस्थी, नीतू सिंह, पूजा श्रीवास्तव ,शिल्पी श्रीवास्तव, राधा मिश्रा, शिक्षक इमरान खान, बिरेन्द्र कुमार एवं सभी छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे

## शिक्षको का चार दिवसीय प्रशिक्षण



**मुकेश कुमार**

**सीतापुर ।** बेहटा ब्लॉक में सम्पन्न---निपुण भारत मिशन के अंतर्गत बच्चों में बुनियादी भाषा एवं गणित विषय मे कौशल विकास हेतु ब्लॉक संसाधन केंद्र बेहटा में शिक्षकों का चार दिवसीय प्रशिक्षण का सातवां और अंतिम चरण का आयोजन किया गया। जिसमें खण्ड शिक्षा अधिकारी बेहटा यशवंत सिंह ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी शिक्षक मिलकर निपुण भारत मिशन को सफल बनाने के लिए पूरी निष्ठा और लगन से कार्य करें,साथ ही बच्चों का सही मार्गदर्शन करते रहें।प्रशिक्षण में सन्दर्भदाता (ए आर पी)अवेज अहमद खान ने नई शिक्षा नीति की विशेषताओं एवं आवश्यकताओं पर विस्तार से चर्चा की।ए आर पी मो. असलम ने प्रा.स्तर पर मौखिक भाषा के विकास पर प्रकाश डाला।ए आर पी अतुल शुक्ल ने भाषा सीखने के सिद्धान्तों तथा शिक्षक संदर्शिका के प्रयोग के बारे में जानकारी दी। ए आर पी विनय शुक्ल ने शिक्षक डायरी पर जोर दिया। सन्दर्भदाता आशुतोष शर्मा ने भी निपुण भारत पर विचार दिए।इस प्रशिक्षण में कंप्यूटर आपरेटर विनय दीक्षित,लेखाकार सुनील तिवारी का सहयोग रहा। प्रतिभागियों में धीरेंद्र विक्रम सिंह,साल्वी त्रिपाठी,सोनेन्द्र गुप्ता,सत्य प्रकाश, बृजेश जायसवालअनिल अवस्थी आदि शामिल रहे।

## 20 नवम्बर को द्वितीय विशेष अभियान दिवस के तहत मतदेय स्थलों पर बूथ लेविल अधिकारियों द्वारा दावें/आपत्तियां की जायेगी प्राप्त

**अमर ख्याल , प्रमोद कुमार पांडे बलरामपुर।** अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अर्हता तिथि 01 जनवरी, 2023 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन दिनांक 09 नवम्बर, 2022 को किया जा चुका है। पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों में नाम सम्मिलित किये जाने, मृतक, शिफ्टेड, डुप्लीकेट नामों को अपमार्जन किये जाने तथा मतदाता सूची में दर्ज अशुद्ध नामों की प्रविष्टियों को शुद्ध करने एवं एक ही निर्वाचन क्षेत्र में स्थान परिवर्तन करने हेतु दिनांक 09 नवम्बर से दिनांक 08 दिसम्बर, 2022 तक नियत प्रारूपों पर दावें/आपत्तियां प्राप्त की जायेगी। दिनांक 20 नवम्बर, 2022 को द्वितीय विशेष अभियान की तिथि नियत की गयी है। विशेष अभियान दिवस को मतदेय स्थलों पर बूथ लेविल अधिकारियों द्वारा उपस्थित रहकर दावें/आपत्तियां प्राप्त की जायेगी। निर्वाचक नामावलियों का अन्तिम प्रकाशन दिनांक 05 जनवरी, 2023 को किया जायेगा ऐसे पात्र व्यक्ति जिनकी आयु दिनांक 01 जनवरी, 2023 को 18 वर्ष या उससे अधिक की हो गई है और वे अभी भी मतदाता नहीं बनें है तो वे अपना नाम विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची में शामिल किये जाने हेतु फार्म-6, मृतक, शिफ्टेड, डुप्लीकेट नामों को अपमार्जन किये जाने हेतु फार्म-7 मतदाता सूची में दर्ज अशुद्ध प्रविष्टियों को शुद्ध करने हेतु फार्म-8 जो समुचित हो, अपने से सम्बन्धित मतदेय स्थल पर बूथ लेविल अधिकारियों/पदाभिहित अधिकारियों, मतदाता पंजीकरण केन्द्र, अपने से सम्बन्धित तहसील, जिला निर्वाचन कार्यालय में फार्म जमा कर सकते है इसके अतिरिक्त ॅ३३स्त्र२://६६६.ल्ल५२स्त्र.ल्ल पर आनलाइन आवेदन किया जा सकता है उन्होंने समस्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों से अपील किया है कि अपने कार्यकर्ता/बूथ लेविल एजेण्ट के माध्यम से पात्र व्यक्तियों का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने, मृतक, शिफ्टेड, डुप्लीकेट मतदाताओं के नाम अपमार्जन कराने तथा मतदाता सूची में दर्ज अशुद्ध प्रविष्टि को शुद्ध कराये जाने में अपना पूर्ण सहयोग प्रदाने करें जिससे साफ, सुथरी एवं स्वस्थ मतदाता सूची बनाई जा सके

## आग के तांडव की भेंट चढ़ा कपड़े का शोरूम



अमर ख्याल , सोनी कुमारी

महराजगंज ( रायबरेली ) तहसील क्षेत्र के राजामऊ रोड पर स्थित कपड़े की दुकान में देर रात शॉर्ट सर्किट से लगी आग, करोड़ों के कपड़े जलकर खाक' जानकारी के अनुसार आपको बताते चलें कि मामला बछरावां थाना क्षेत्र के राजामऊ रोड का है जहाँ पर कस्बे की बड़ी दुकानों में शुमार जनता क्लॉथ हाउस के शोरूम में आग लगने से करोड़ों रुपए के ब्रांडेड कपड़े जलकर खाक हो गए' शोरूम में लगी आग इतनी भीषण थी कि दमकल की आधा दर्जन गाड़ियों को आग पर काबू पाने में घण्टो लग गए। शोरूम के मालिक प्रशांत मिश्रा ने बताया कि बीती रात लगभग 2:00 बजे सूचना मिली कि बिजली के शार्ट सर्किट से आग लग गई, छोटा भाई शोरूम में रहता है उसे पड़ोसी की मदद से बाहर निकाला गया। आग इतनी भीषण थी कि शोरूम में रखा लगभग डेढ से दो करोड़ का कपड़ा व फर्नीचर सबकुछ जलकर खाक हो गया' अभी बिल्डिंग के बारे में नही बताया जा सकता। देर रात लगी भीषण आग से गनीमत यह रही किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। देर रात आग लगने की सूचना पर बछरांवा के साथ मुख्यालय, महराजगंज, लालगंज की फायर टीम को बुलाकर भारी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।


## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम रेखा देवी पत्नी रामफेर ग्राम व पोस्ट इटवा थाना व तहसील इटवा जनपद सिद्धार्थनगर का निवासिनी हूं

हम प्रार्थीनी का (मदर डीड) वास्तव में कही खो गया जिसका गाटा संख्या 57 है आराजी ग्राम इटवा का था, और न ही किसी बैंक में बन्धक किया गया है।

# नगर पालिका बनी हुई है नरक पालिका:शैली शर्मा

## कई बार शिकायत करने पर भी नहीं होती है सुनवाई,फाइलों में दबकर रह जाती है शिकायतें

अमर ख्याल



पीलीभीत । कई बार मीटिंगो में डेंगू मलेरिया को लेकर शिकायत दर्ज कराई जाती है लेकिन वह शिकायत सिर्फ दर्ज होकर रह जाती है कोई भी किसी प्रकार की शिकायत का निवारण नहीं होता है और आज इसी के चलते हैं ध्यान ना देने पर शैली शर्मा जिला अध्यक्ष डेंगू का शिकार हुए। अपने (25 वार्ड) और कई वार्डो की कई बार शिकायत दर्ज करवा चुके हैं, जगह-जगह काफी समय से कूड़े का ढेर इकट्ठा है नालियां पूर्ण रूप से बंद पड़ी है जिसमें पानी का निकास बिल्कुल नहीं है और गंदगी बेहद अधिक है जिसमें मच्छरों का प्रकोप अनियमित रूप से फैला हुआ है, लेकिन अधिकारी और नगर पालिका ध्यान न देने के लिए मजबूर है जिसके चलते कितने लोगों को परेशानियों का सामना उठाना पड़ रहा है और कितने लोग मौत के मुंह में समा रहे हैं अगर नगरपालिका सही से अपना काम करें तो शायद हो रहे डेंगू मलेरिया से डेंगू मलेरिया के रोगियों वा हो रही मौतों में रोक थाम हो सके।। लेकिन किसी बड़ी अनहोनी के इंतजार में हैं शासन प्रशासन स्वास्थ्य विभाग नगरपालिका नगर पालिका, शासन-प्रशासन वा स्वास्थ्य विभाग हाथ पर हाथ रखे बैठा हुआ है नगर पालिका नरक पालिका बनी हुई है किसी को कोई फर्क नहीं पड़ता चाहे कोई व्यक्ति मरे या फिर जिए, ऐसे स्वास्थ्य विभाग को तुरंत ही टर्मिनेट किया जाए जिससे लचर स्वास्थ्य विभाग और लचर नगर पालिका में सुधार आ सके

**शिवसेना जिलाध्यक्ष शैली शर्मा हुए डेंगू के शिकार**

# 22 व 23 नवम्बर को कटरा श्रावस्ती मे सुरु होगा बॉलीबाल टूनामेंट

## अमर शहीद लेफ्टिनेंट कर्नल सुशील चन्द चौधरी की याद और सम्मान में वॉलीबाल टूनामेंट आयोजित

अमर ख्याल




श्रावस्ती । अमर शहीद लेफ्टिनेंट कर्नल सुशील चन्द चौधरी की याद और सम्मान में विगत वर्षों की भाँति इस बार भी वॉलीबाल टूनामेंट 22 व 23 नवम्बर 2022 को कटरा श्रावस्ती मे दो दिवसीय वॉलीबॉल टूनामेंट का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम सुबह 10 बजे से सुभारम्भ होगा। इस टूनामेंट में कई जिले के सर्वश्रेष्ठ वॉलीबाल खिलाडी हिस्सा लेंगे। टूनामेंट में भाग लेने की अंतिम तिथि 23 नवम्बर के शाम पांच बजे तक है। इस टूनामेंट में विजेता एवं उपविजेता टीम को इंडिपेंडेंस कप के साथ नगद पुरस्कार सहित व्यक्तिगत मोमेंटो देकर सम्मानित किया जाएगा। यह जानकारी जिला वॉलीबाल खेल के मुख्य व्यवस्थापक महेश चौधरी ने दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्र हित के लिए अपना सर्वस्य न्यवछावर करने वाले अमर शहीद लेफ्टिनेंट कर्नल सुशील चन्द चौधरी की याद और सम्मान में विगत वर्षों की भाँति इस बार भी बड़े हर्षोल्लास के साथ वॉलीबॉल टूनामेंट 22 व 23 नवम्बर को मण्डल स्तरीय खेल का आयोजित किया जायेगा जिसमे 22 नवम्बर को श्रावस्ती जिले के लोग खेलेगे भिनगा, टडवा महंत,वीरपुर,विशुनापुर,कटरा आदि आस पास क्षेत्र के लोग हिस्सा लेगे और 23 नवम्बर को बहराइच, सीतापुर, बदांयू, गोण्डा, बलरामपुर, हलदर मौ, निंन्दूरा, जरवल कस्बा,बस्ती, रायबरेली,कैसरगंज,और अन्य जिले के खिलाडी मैजूद रहेंगे

# सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के तहत यातायात नियमों का करें पालन

अमर ख्याल , अहमद रजा



बलरामपुर । क्षेत्राधिकारी यातायात ज्योतिश्री के कुशल नेतृत्व में यातायात माह नवम्बर में विशेष सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत कस्बे के सड़कों व चौराहों पर आमजनमानस को यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया गया । एआरटीओ बलरामपुर अरविंद यादव तथा प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर बलरामपुर एवं समस्त यातायात टीम द्वारा बड़ा परेड ग्राउंड बलरामपुर में ई-रिक्शा चालकों की एक गोष्ठी की गई जिसमें ई-रिक्शा चालकों को यातायात के नियमों को बताकर यातायात के प्रति जागरूक किया गया साथ ही ई-रिक्शा चालकों को शहर के अंदर चलने के लिए रूट निर्धारित किया गया तथा ई रिक्शा में दाहिने तरफ रोड लगाने के लिए बताया गया जिससे सवारियां दाहिने तरफ से ना चढ़ाए उतारे, नाबालिगों द्वारा ई रिक्शा ना चलाने के लिए हिदायत दी गई, सभी ई रिक्शा के पीछे की तरफ रिफ्लेक्टिव टेप लगाया गया , ई-रिक्शा चलाते समय ड्राईविंग लाईसेन्स के साथ निर्धारित गति-सीमा में पूरी सतर्कता एवं सावधानी से चालन बताया गया तथा, सड़क पर गलत तरीके से व अनावश्य न खड़ा करने, शराब पीकर वाहन न चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने हेतु अनुरोध करते हुए यातायात नियमों के प्रति जागरुक किया गया

# बलरामपुर समाधान दिवस में अचानक पहुंचे डीआईजी देवीपाटन मंडल

अमर ख्याल , अहमद रजा




बलरामपुर । शासन की मंशानुरूप आमजनमानस की शिकायतों एवं समस्याओं के प्रभावी ढंग से निस्तारण हेतु संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जनपद के सदर तहसील में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किया गया। तभी पुलिस उपमहानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र गोण्डा उपेन्द्र कुमार अग्रवाल अचानक संपूर्ण समाधान दिवस में पहुँचकर फरियादियों की शिकायतें सुनी तथा अधिकारियों को समयबद्ध, गम्भीरतापूर्वक शिकायतों के निस्तारण का निर्देश दिया । उन्होंने कहा कि थानों में जो भी फरियादी प्रार्थना पत्र लेकर आये उसका निस्तारण ससमय कराएं जाएं, इसमें किसी भी प्रकार की हीलाहवाली न बरती जाए

जिलाधिकारी ने कहा कि जमीनी विवाद, अवैध अतिक्रमण, नाली, चकमार्ग आदि मामलों में पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जाकर विवाद का निस्तारण करें। सभी लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षकों को निर्देश दिया गया कि सरकारी जमीनों पर किसी भी प्रकार का अवैध अतिक्रमण न होने दे।संपूर्ण समाधान दिवस बलरामपुर में कुल 47 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें से मौके पर 06 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया, अन्य मामलों का स्थलीय सत्यापन कर निस्तारण किया जायेगा

# बिना बताए घर से गए बालक को बाराबंकी मे सदर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक किया बरामद

## पुलिस ने परिजनों के किया सुपुर्द



अमर ख्याल , चमन अली

हमीरपुर । मुख्यालय से बिना बताए घर से गए बालक को सदर कोतवाली पुलिस ने खोजबीन कर परिजनों के सुपुर्द किया ! गौरतलब है कि मुख्यालय निवासी रमेडी तरौस थाना कोतवाली सदर रामबाबू द्वारा 17. नवंबर 2022 को कोतवाली सदर में सूचना दी गई कि उनका पुत्र सुमित कुमार (उम्र 13 बर्ष) जो कक्षा 7 में विद्या मन्दिर स्कूल हमीरपुर में पढता है ! 17 नवंबर की शाम घर से कुछे पैसे लेकर बिना बताये चला गया था। इस सम्बन्ध में सदर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक दुर्ग विजय सिंह ने प्राप्त सूचना पर थाना पुलिस व सर्विलांस टीम के द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये सुमित कुमार उपरोक्त को रामनगर जनपद बांराबंकी से 18 नवंबर 2022 को बरामद कर घर वालो को सकुशल सुपुर्द किया गया। पुलिस की त्वरित कार्यवाही एवं सराहनीय कार्य की परिजनों द्वारा सराहना की गई।

## शादी के अगले दिन दुल्हन रफूचक्कर, थाने पहुंचा दूल्हा

अमर ख्याल , राजेश कुमार

**मथुरा**। शादी के अगले दिन दुल्हन दूल्हा के घर से रफूचक्कर हो गई। वृंदावन के गोरा नगर निवासी युवक संतोष कुमार भगत की अलीगढ़ में 15 नवम्बर को शादी हुई। परिजन 16 नवम्बर को दुल्हन को लेकर वृंदावन आ गये और 17 नवम्बर को दुल्हन घर से रफूचक्कर हो गई। दूल्हे का आरोप है कि वह दो लाख रुपये भी ले गई है। थाने पहुंचे दूल्हा ने आरोप लगाया है कि उसके पड़ोसियों ने ही एक लाख रुपये लेकर यह शादी कराई थी। शादी में भी उसके काफी पैसे खर्च हुए हैं। दूल्हे के परिवार वालों को यह समझ नहीं आ रहा है कि दुल्हन एक दिन बाद ही भाग गई। संतोष ने 17 नवम्बर की सुबह देखा कि दुल्हन अपने कमरे में नहीं है। उसे इधर उधर तलाशा इसके बाद घर को तलाशा तो पता चला कि दो लाख रुपए और गहने भी नहीं हैं।

## निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आज

अमर ख्याल , राजेश कुमार

**मथुरा**। निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण को लेकर महत्वपूर्ण बैठक रविवार को होगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने अवगत कराया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता एक जनवरी 2023 के आधार पर फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के अन्तर्गत नौ नवम्बर को निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य का प्रकाशन जनपद के अन्तर्गत आने वाले बूथों कराया जा चुका है। आयोग द्वारा आयुक्त आगरा मण्डल आगरा अमित गुप्ता को निर्वाचक नामावलियों के लिए रोल प्रेक्षक नामित किया गया है। जिनका मोबाइल नम्बर 9454417491 है। आयोग के निदेर्शानुसार निर्वाचक नामावलियों के दावे एवं आपत्तियों के प्राप्ति के दौरान रोल प्रेक्षक का जनपद में प्रथम भ्रमण कार्यक्रम 20 नवम्बर को है। रोल प्रेक्षक अमित गुप्ता एक जनवरी 2023 के आधार पर विधान सभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के संबंध में 20 नवम्बर को प्रातः 10 बजे सांसद, विधायक, जिलाध्यक्ष, सचिव, समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय तथा राज्यीय राजनैतिक दलों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करेंगे। आमजनमानस सुझाव एवं समस्याओं हेतु उक्त बैठक में प्रतिभाग कर सकता है।

## मिट्टी खनन में लगे ट्रैक्टर ने पुलिस की गाडी को मारी टक्कर

अमर ख्याल , राजेश कुमार मथुरा। मिट्टी के अवैध खनन को रोकने के लिए पुलिस लगातार कार्यवाही कर रही है। इस दौरान थाना रिफाइनरी क्षेत्र में दिन में हो रहे अवैध खनन की सूचना मिलने पर पुलिस की गाडी मौके पर पहुंच गई। पीआरवी इंचार्ज 1925 ने मदनपुरा निवासी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ थाना में तहरीर दी है। खनन में लगे ट्रैक्टर ट्रॉली चालक ने ट्रैक्टर को आगे बढा दिया और पुलिस की गाडी को टक्कर मार कर भाग निकला। इसके बाद पुलिस ने कार्यवाही करते हुए दो अन्य ट्रैक्टर ट्राली के चालक सहित कपडे लिया। रिफाइनरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत कदम्ब बिहार कॉलोनी के समीप दोपहर के समय पुलिस टीम ने ट्रैक्टर को रोकने का प्रयास किया था। हालांकि इस दौरान किसी पुलिसकर्मी को कोई चोट नहीं आई। घटना की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम को दे दी गई। थाना प्रभारी प्रशांत त्यागी का कहना है

# जिलाधिकारी ने थारू जनजातीय छात्रावास का किया औचक निरीक्षण , छात्रों से वार्ता कर मिल रही सुविधाओं का लिया जायजा

## छात्रावास में बेहतर शैक्षणिक माहौल, छात्रों को अभ्युदय कोचिंग से जोड़े जाने, छात्रावास में मेस की व्यवस्था, करियर काउंसलिंग किए जाने का जिलाधिकारी ने दिया निर्देश

अमर ख्याल , प्रमोद कुमार पांडे



बलरामपुर । जिलाधिकारी डॉ महेंद्र कुमार द्वारा नगर पालिका बलरामपुर में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित राजकीय थारू जनजाति छात्रावास का औचक निरीक्षण किया गया

जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि 50 क्षमता वाले छात्रावास (बालक) में इंटर और ग्रेजुएशन की पढ़ाई कर रहे 32 थारू जनजाति के छात्र रह रहे हैं जिलाधिकारी डॉ महेंद्र कुमार द्वारा थारू जनजाति छात्रों से वार्ता कर मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली गई। उन्होंने 12वी की पढ़ाई कर रहे छात्र की करियर काउंसलिंग की एवं छात्र को आईआईटी का एग्जाम दे जाने को प्रेरित किया। छात्र ने बताया कि उसको इंजीनियर की पढ़ाई कठिन लगती है,इस पर जिलाधिकारी ने कहा कि कोई भी पढ़ाई कठिन नहीं होती है, केवल शुरू करने की जरूरत है। उन्होंने छात्रों की कैरियर काउंसलिंग किए जाने एवं ग्रेजुएशन कर रहे छात्रों का दाखिला अभ्युदय कोचिंग में दिए जाने का निर्देश दिया। छात्रावास में रह रहे छात्रों ने बताया कि उनके द्वारा स्वयं खाना बनाया जाता है,इस पर जिलाधिकारी द्वारा छात्रावास में मेस की सुविधा उपलब्ध कराए जाने का निर्देश दिया गया जिलाधिकारी ने कहा कि छात्रावास में क्षमता के अनुसार शत प्रतिशत छात्रों का एडमिशन सुनिश्चित किया जाए, छात्रावास में रहकर निकलने वाले जो छात्र अच्छा कर रहे हैं या सरकारी नौकरी में हैं,उसका प्रचार प्रसार करे, जिससे कि अधिक से अधिक छात्र छात्रावास में दाखिला लेने के लिए आ इस दौरान जिलाधिकारी छात्रावास में शौचालय, वाटर कूलर का निरीक्षण किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर समाज कल्याण अधिकारी एमपी सिंह, प्रोजेक्ट मैनेजर थारू जनजाति व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारी गण उपस्थित रहे

# जिलास्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुआ सम्पन्न

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त 41 शिकायतों में से छः का मौके पर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया गया

चमन अली



**हमीरपुर** । जिलाधिकारी डॉ चंद्र भूषण की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक शुभम पटेल की मौजूदगी में जनपद स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील सदर में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कुल 41 शिकायतें प्राप्त हुई , जिसमें से छः शिकायतों का मौके पर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने जन समस्याओं को सुनने के पश्चात उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया तथा कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस आईजीआरएस,मुख्यमंत्री संदर्भ , 1076 के संदर्भ तथा जनप्रतिनिधियों से प्राप्त शिकायतों का निष्पक्षता पूर्वक एवं समयबद्ध ढंग से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायतों का ससमय व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है अतः सभी अधिकारियों द्वारा शासन की मंशानुरूप कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि जिस स्तर की शिकायत है उसका उसी स्तर पर निस्तारण अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए। कहा कि शिकायतकर्ता को निस्तारण की समय अवधि सहित अन्य जरूरी बातों के बारे में बताया जाए ताकि शिकायतकर्ता को शिकायत के निस्तारण में लगने वाले समय व उसकी समस्या के समाधान संबंधी आवश्यक जानकारी तत्काल मिल सके ! उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक शिकायत निस्तारण आख्या का मौके पर पहुंचकर सत्यापन भी किया जाए। इस मौके पर तहसील परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं के प्रचार प्रसार हेतु लगाए गए स्टॉलो का जिलाधिकारी ने निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए ।इस दौरान बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, आवास ,शौचालय, कन्या सुमंगला योजना ,राशन कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि, शादी अनुदान, पेंशन आदि के आवेदन हेतु स्टॉल भी लगाया गया। डूडा ,प्रधानमंत्री आवास योजना ,मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना ,वृद्धावस्था ,निराश्रित महिला पेंशन योजना , सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत योजनाओं के प्रचार प्रसार के लिए स्टॉल भी लगाए गए

# जिले के 55 आपदा मित्र आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण हेतु लखनऊ रवाना, एडीएम न्यायिक ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




अमर ख्याल , प्रमोद कुमार पांडे

बलरामपुर । राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित आपदा मित्र योजना के तहत जिले के 55 आपदा मित्रों को शनिवार को 12 दिवसीय आवसीय प्रशिक्षण हेतु लखनऊ रवाना किया गया। जिलाधिकारी डॉ0 महेन्द्र कुमार के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक डॉ ज्योति गौतम ने कलेक्ट्रेट से आपदा मित्रों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया बताते चलें कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रदेश के 25 जनपदों में आपदा मित्र योजना संचालित की जा रही है। जिसमें जनपद बलरामपुर भी शामिल है। इय योजना के तहत जिले के 300 आपदा मित्रों को आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया जाना है जिला आपदा विशेषज्ञ अरूण सिंह ने बताया कि विगत वर्ष जिले के 154 आपदा मित्रों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है तथा दूसरे बैच में शनिवार को 55 आपदा मित्रों को प्रशिक्षण हेतु एसडीआरएफ कैंप बिजनौर लखनऊ के लिए रवाना किया गया है जहां पर राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण गृह मंत्रालय भारत सरकार एवं राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण उ0प्र0 के संयुक्त तत्वाधान में 20 नवम्बर से 12 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण दिया जाएगा उन्होंने बताया कि आपदा मित्र योजना के माध्यम से प्राकृतिक आपदा में होने वाले कारणों से लोगों को बचाया जाएगा। योजना के तहत प्राकृतिक आपदा से होने वाले कारण जैसे की बारिश, बाढ़, बादल फटना, ओले पड़ना, अग्निकाण्ड, भूकम्प, भूस्खलन तथा अन्य आपदाओं से त्वरित गति से निपटने में मदद मिलेगी। ज्ञातव्य है कि प्राकृतिक आपदा आने के कारण लोग आपदा में फंसे रह जाते हैं उनकी मदद के लिए लोगों को पहुंचने में काफी देरी हो जाती है, इस कारण सरकार द्वारा आपदा मित्र योजना को लागू किया गया। आपदा के दौरान गांव में प्रशिक्षित आपदा मित्र एक कॉल पर ही आपदा के स्थान पर पहुंच जाएगा तथा वहां फंसे लोगों को सुरक्षित रूप से निकालने में मदद करेगा श्री सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण में प्रतिभाग करने वाले आपदा मित्रों को आपदा किट, प्रशिक्षण प्रमाण पत्र तथा अध्ययन सामग्री भी दी जाएगी और सभी आपदा मित्रों का 05 लाख रूपए का बीमा भी सरकार द्वारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आपदा के दौरान राहत एवं बचाव कार्य के साथ ही जागरूकता कार्यक्रमों में भी आपदा मित्रों का सहयोग लिया जाएगा आपदा मित्रों को रवाना करने के दौरान जिला आपदा विशेषज्ञ अरूण सिंह, आपदा लिपिक राजेश कुमार, एसीआरए प्रवीण पाण्डेय, एसडीआरएफ के प्रशांत त्रिपाठी व अन्य उपस्थित रहे

## मु0अ0सं0 309/2022 धारा 363/376ऊ भा0द0वि0 व 5/6 पोक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**अमर ख्याल**

बलरामपुर । थाना कोतवाली उतरौला के प्रभारी निरीक्षक श अनिल सिंह मय टीम के द्वारा थाना कोत0 उतरौला जनपद बलरामपुर में पंजीकृत मु0अ0सं0 309/2022 धारा 363/376ऊ भा0द0वि0 व 5/6 पोक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त 1.ललित किशोर शर्मा पुत्र स्व0 राम स्वरूप शर्मा निवासी मो0 आर्यनगर थाना को0 उतरौला जनपद बलरामपुर 2. रोहित गुप्ता पुत्र स्व0 स्वामीनाथ गुप्ता निवासी मो0 रफीनगर थाना को0 उतरौला जनपद बलरामपुर से फक्कड़दास चौराहा पर मन्दिर के सामने से गिरफ्तार किया गया तथा विधिक कार्यवाही करते हुए मा0 न्यायालय रवाना किया गया

# सड़क सुरक्षा , जीवन रक्षा



**प्रमोद कुमार पांडे**

बलरामपुर । अरविंद यादव तथा प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर बलरामपुर एवं समस्त यातायात टीम द्वारा बड़ा परेड ग्राउंड बलरामपुर में ई-रिक्शा चालकों की एक गोष्ठी की गई जिसमें ई-रिक्शा चालकों को यातायात के नियमों को बताकर यातायात के प्रति जागरूक किया गया साथ ही ई-रिक्शा चालकों को शहर के अंदर चलने के लिए रूट निर्धारित किया गया तथा ई रिक्शा में दाहिने तरफ रोड लगाने के लिए बताया गया जिससे सवारियां दाहिने तरफ से ना चढ़ाए उतारे, नाबालिगों द्वारा ई रिक्शा ना चलाने के लिए हिदायत दी गई, सभी ई रिक्शा के पीछे की तरफ रिफ्लेक्टिव टेप लगाया गया

ई-रिक्शा चलाते समय ड्राईविंग लाईसेन्स के साथ निर्धारित गति-सीमा में पूरी सतर्कता एवं सावधानी से चालन बताया गया तथा, सड़क पर गलत तरीके से व अनावश्य न खड़ा करने, शराब पीकर वाहन न चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने हेतु अनुरोध करते हुए यातायात नियमों के प्रति जागरुक किया गया

## ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार युवक की हुई मौत

**अमर ख्याल चौरीचौरा ( गोरखपुर )** झंगहा थान क्षेत्र के ग्राम सभा ठाकुराआई मुंडेरा निवासी सर्वेश यादव पुत्र रामकिशन यादव 35 वर्ष व लालमन यादव दोनों व्यक्ति मोटरसाइकिल पर शाम को नई बाजार चौराहे पर सामान लेने जा रहे थे ।आगे जा रही ट्राली ट्रैक्टर में जाकर बगल से मोटरसाइकिल टकरा गई जिससे सड़क के पटरी पर दोनों व्यक्ति गिर गए जिसमें सर्वेश यादव को सर पर काफी चोट आई और लालमन यादव का दाहिना पैर फैक्चर हो गया दोनों व्यक्ति को परिजनो ने स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ब्रहम्पुर ले गए जहां पर डाक्टरों ने सर्वेश यादव को देख तुरन्त मेडिकल कालेज रेफर कर दिया ।मेडिकल कॉलेज ले जाते समय रास्ते में ही सर्वेश यादव ने अपना दम तोड़ दिया। सुचना पर झंगहा पुलिस पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा

## 01 नफर एनबीडब्ल्यू वारन्टी गिरफ्तार



**अमर ख्याल**

बलरामपुर । को0 जरवा पुलिस टीम द्वारा मा0 न्यायालय जे0एम0 मजिस्ट्रेट महोदय बलरामपुर द्वारा जारी ठइह वारन्ट/आदेश के क्रम मे मामला संख्या 2381/18 धारा 26 वन अधिनियम व 27/29/31/51 वन्य जीव संरक्षण अधिनियम से संबंधित अभियुक्त 1. ननकने पुत्र गूठे नि० पठखौली थाना को० जरवा जनपद बलरामपुर को गिरफ्तार कर त्वरित कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय रवाना किया गया

# खाद्य सुरक्षा विभाग ने रात में डेयरी प्लांट पर छापा

**अमर ख्याल , राजेश कुमार**



मथुरा। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने हाई रिस्क एरिया में पुलिस बल के साथ दस्तक दी। रात के समय हुई इस कार्यवाही से दुध का कारोबार करने वालों में हड़कंप मच गया। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा खाद्य एवं पेय पदार्थ तथा दूध आदि में की जा रही मिलावट की रोकथाम हेतु मिलावटखोरों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के सहायक आयुक्त डॉ गौरीशंकर के नेतृत्व में बलदेव थाना क्षेत्र के जुगसना गांव में भारी पुलिस बल के साथ संचालित डेयरी प्लांट पर देर रात छापामार कार्रवाई की गई। पूछताछ में संचालक ने अपना नाम प्रेमचंद अग्रवाल बताया कार्रवाई के दौरान डेयरी प्लांट का सघन निरीक्षण करने के उपरांत दूध, घी, क्रीम, मिल्क पाउडर, सफेद अपमिश्रक आदि के सात सैंपल जांच के लिए संग्रहित किए गए तथा लगभग 1500 लीटर दूध जो दूषित था मौके पर नष्ट करा दिया गया साथ ही 200 किलोग्राम घी, तथा 300 किलोग्राम क्रीम तथा डेयरी प्लांट में अन्य सामग्री जैसे ड्रम , क्रीम निकालने की मशीन, गैस चूल्हा आदि सभी को सीज कर प्लांट को बंद करा दिया गया है। सभी नमूनों को जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा जा रहा है ।कार्यवाही के दौरान बलदेव पुलिस थाना क्षेत्र के पुलिस बल के साथ एसपी तिवारी मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी तथा गजराज सिंह ,एसएस निरंजन, मुकेश कुमार ,दलबीर सिंह, अरुण कुमार खाद्य सुरक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।

# रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर गाय को बाहर निकाला

**अमर ख्याल , चमन अली**

कुरारा ( हमीरपुर )

थाना क्षेत्र के झलोखर गांव स्थित भुइँया रानी मंदिर के पास बने गहरे कुंए में एक अन्ना गाय गिर गई। जिसकी जानकारी होने पर ग्राम प्रधान /प्रतिनिधि व अग्निशमन कर्मचारियों व डायल 112 के सहयोग से बाहर निकाल लिया गया

क्षेत्र के झलोखर गांव में बीती शाम गहरे कुएं में एक अन्ना गाय अचानक गिर गई। जिसकी जानकारी होने पर ग्राम प्रधान प्ररिनिधि ललितमोहन शिवहरे ने डायल 112 में फोन कर जानकारी दी। व अग्निशमन केंद्र हमीरपुर को जानकारी दी। तब ग्रामीणों सहित पुलिस के जवान मौके पर पहुंचे तथा रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर गाय को बाहर निकाल लिया। इस मौके पर गाय को बचाने वाले ग्रामीण हेतराम को पुरस्कृत किया गया। इस तरह अन्ना गौबंश की जान बचाई गयी।



# बचाव पक्ष की ओर से दो और गवाहों ने दर्ज कराए बयान, अभियोजन पक्ष की ओर से की जा रही है जिरह

छजलैट के 14 साल पुराने प्रकरण में शनिवार को अदालत में आरोपियों की ओर से बचाव पक्ष में दो औरगवाह पेश हुए और उन्होंने बयान दर्ज कराए। इनसे पहले भी छह गवाह हुए थे। जिन्होंने ने घटना को गलत बताया था। वादी पक्ष की ओर से जिरह की गई । अदालत ने शेष साक्ष्य के लिए 24 नवंबर लगा दी है। छजलैट थाने के सामने 29 जनवरी 2008 को पूर्व मंत्री और रामपुर के पूर्व विधायक आजम खां की कार को चेकिंग के लिए रोका गया था। जिसके बाद विवाद बढ़ गया था। आसपास के जनपदों से सपा के नेता मौके पर पहुंच गए थे। जिन पर आरोप लगा था कि इन्होंने आम जनता को उकसा कर सड़क जाम करते हुए बवाल किया था। इससे सरकारी कार्य मे बाधा उत्पन्न हुई थी। इस मुकदमे की सुनवाई एमपी एमएलए स्पेशल कोर्ट स्मिता गोस्वामी की अदालत में की जा रही है। विशेष लोक



अभियोजक मोहन लाल विश्नोई ने बताया कि शनिवार को इस मामले में बचाव पक्ष की ओर से दो गवाह पेश हुए। अब तक बचाव पक्ष की ओर से आठ गवाह अदालत में पेश होकर गवाही दे चुके हैं। उन्होंने आरोपियों पर लगाए गए आरोप गलत बताए हैं, जिनसे जिरह पूरी की गई। मुकदमे अन्य आरोपी पूर्व विधायक हाजी इकराम कुरैशी, नूरपुर के पूर्व सपा विधायक नईम ऊल हसन, पूर्व महानगर अध्यक्ष राजकुमार प्रजापति, राजेश यादव, डी पी यादव अदालत में उपस्थित हुए। अनुपस्थित आजम खां और अब्दुल्ला आजम के स्थगन प्रार्थना पत्र स्वीकार करते हुए अदालत ने शेष गवाह प्रस्तुत करने के लिए 24 नवंबर लगा दी है।

# बदमाशों ने गन प्वाइंट पर ले महिलाओं को धमकाया, बांधे हाथ-पांव, बेबस परिवार देखता रहा लुटते

मुरादाबाद के मैनाठेर थाना क्षेत्र के खजरा में किसान अकबर अली के मकान पर नकाबपोश बदमाशों ने धावा बोल दिया। बदमाशों ने परिवार को गन प्वाइंट पर लेकर सोने-चांदी के जेवर और नकदी समेत करीब पंद्रह लाख रुपये का सामान बटोर लिया। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश फरार हो गए। खजरा गांव निवासी किसान अकबर अली के दो मंजिला मकान के भूतल पर बने तीन कमरों में किसान की पत्नी सुगरा, पुत्रवधू गुले तबस्सुम और छोटा बेटा नदीम सोए थे, जबकि दूसरी मंजिल पर बने दो कमरों में किसान, बेटा सलमान और उसकी पत्नी राहेगीन के अलावा राबिया, तबस्सुम और बच्चे सोए थे। किसान खुद अपने पशुओं की देखभाल के लिए घेर में सोया था। हथियारों से लैस बदमाशों ने कमरे खुलवा कर किसान के सभी परिजनों को गन प्वाइंट पर ले लिया और लूटपाट शुरू कर दी। इस दौरान किसान के बेटे सलमान और नदीम ने विरोध किया तो उनके साथ मारपीट की गई और हाथ रस्सी से बांध दिए। साथ ही असलहे दिखाते हुए जान से मारने की धमकी दी। बाद में महिलाओं से भी पहने हुए सोने-चांदी के गहने उतरवा दिए गए। साथ ही महिलाओं को धमकाया और उनके भी हाथ बांध दिए। बदमाशों के खौफ से किसान का पूरा परिवार बेबस हो गया। बदमाशों ने एक घंटे तक घर में लूटपाट की। पीड़ित परिवार ने बताया कि कमरों में अलमारियों और संदूकों से बदमाश साढ़े तीन लाख की नकदी, 20 तौला सोने-चांदी के आभूषण, 35 जोड़ी नए कपड़े आदि समेत कीमती माल ले गए।ं७लूटपाट के बाद बदमाश बंधक परिजनों को कमरों में बंद कर फरार हो गए। इसके बाद पीड़ित परिवार ने शोर भी मचाया जिसके बाद खजरा गांव में हल्ला भी मचा लेकिन बदमाश आसानी से फरार हो गए।

# खंगाले गए 210 सीसीटीवी, किसका है लाल रंग का ट्रॉली बैग जिसमें खून से लथपथ मिली युवती की लाश





सूटकेस में मिली युवती की लाश यमुना एक्सप्रेसवे के सर्विस रोड पर ट्रॉली बैग में मिले युवती के शव की पहचान शनिवार को भी नहीं हो सकी है। सर्विलांस टीम अब तक 20 हजार मोबाइल फोन ट्रेस कर चुकी है। करीब 210 सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा चुके हैं। दूसरे दिन भी पुलिस की 8 टीमों के हाथ कामयाबी नहीं लग सकी है। पुलिस यह भी मानकर चल रही है कि अगर आसपास की युवती होती तो अब तक उसकी पहचान हो जाती। 18 नवंबर की सुबह 11 बजे यमुना एक्सप्रेसवे की सर्विस रोड पर कृषि अनुसंधान केंद्र के पास झाड़ियों में लाल रंग के ट्रॉली बैग में खून से लथपथ युवती का शव मिला था। उसकी गोली मारकर हत्या करने के बाद ट्रॉली बैग में पैक करके शव को फेंका गया था। शव मिलने से लेकर शनिवार तक सर्विलांस की टीम करीब 20 हजार मोबाइल फोन ट्रेस कर चुकी है। इन मोबाइलों की लोकेशन भी सर्विलांस की टीम खंगाल रही है। जेवर, जाबरा टोल, खंदौली टोल के अलावा हाथरस, अलीगढ़ और मथुरा आने वाले मार्गों पर लगे 210 सीसीटीवी फुटेज खंगाले हैं। फिलहाल पुलिस इस मामले में कुछ भी बताने को तैयार नहीं है। सीओ महावन आलोक सिंह ने बताया कि पुलिस की करीब 8 टीमें युवती की पहचान में जुटी हुई हैं। इसके लिए टीमें गुरुग्राम, आगरा, अलीगढ़, हाथरस, नोएडा और दिल्ली तक पहुंची हैं। जल्द ही मृतका की पहचान होने के बाद हत्याकांड का खुलासा किया जाएगा।

**घटनास्थल पर जांच करती पुलिस सोशल मीडिया का भी लिया सहारा**

मथुरा। मृतका की पहचान के लिए एनसीआरबी और डीसीआरबी पर लापता युवतियों से मृतका के फोटो का मिलाना कराया जा रहा है। सोशल मीडिया ग्रुपों पर दिल्ली, नोएडा, पूर्वी यूपी, गाजियाबाद, राजस्थान, एमपी और आसपास के प्रदेश, जनपदों में मृतका का फोटो डाला गया है। हालांकि शनिवार की देर शाम तक कोई भी पहचान नहीं हो सकी।

**आठ टीमें मृतका की पहचान में जुटीं**

कार्यवाहक एसएसपी मार्तंड प्रकाश सिंह ने बताया कि पुलिस की अभी तक पांच टीमें पहचान के लिए लगाई गई थीं।

इनमें थाना राया की तीन टीमें, बलदेव पुलिस, सर्विलांस की टीम जुटी हुई थीं। शनिवार को एसओजी, स्वॉट और कोसीकलां पुलिस की टीम को भी पहचान के लिए लगा दिया गया है।

## एक नजर

### विश्व कप से पहले खुद को आंकने के लिए आस्ट्रेलिया दौरा अच्छा मौका : हरमनप्रीत

**बेंगलुरू।** भारतीय हॉकी टीम के कप्तान और अनुभवी ड्रैग फिलकर हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि जनवरी में ओडिशा में होने वाले एफआईएच विश्व कप से पहले आस्ट्रेलिया दौरा टीम के लिए अपनी ताकत और कमजोरियों के आकलन का अच्छा मौका है भारत की 23 सदस्ईय टीम शनिवार को पांच मैचों की श्रृंखला के लिए आस्ट्रेलिया रवाना हो गई। विश्व कप अगले साल 13 से 29 जनवरी तक भुवनेश्वर और राउरकेला में खेला जाएगा। हरमनप्रीत ने कहा , यह हमारे लिए खुद को परखने का अच्छा मौका है। हमें पता चल जाएगा कि विश्व कप से पहले हम कहां पर हैं। उन्होंने कहा , आस्ट्रेलिया खिताब के प्रबल दावेदारों में से है और उनके खिलाफ खेलने से निश्चित तौर पर मदद मिलेगी। हम 2018 के गोल्ड कोस्ट राष्ट्रमंडल खेलों के बाद से आस्ट्रेलिया नहीं गए हैं। आस्ट्रेलिया में खेलने को लेकर हम रोमांचित हैं। भारतीय टीम 26 और 27 नवंबर के बाद 30 नवंबर, तीन और चार दिसंबर को मैच खेलेगी।

### युवराज सिंह संधू ने खिताब बरकरार रखा

**डिगबोई (असम)।** चंडीगढ के युवराज सिंह संधू ने आठ अंडर 64 का स्कोर करके इंडियन आइल सर्वो मास्टर्स गोल्फ में दो शॉट से जीत दर्ज करके अपना खिताब कायम रखा। युवराज ने यहां पिछले साल पहला पीजीटीआई खिताब जीता था। उन्होंने कुल 17 अंडर 271 का स्कोर करके अशोक कुमार के एक पीजीटीआई सत्र में पांच खिताब जीतने के रिकॉर्ड की बराबरी की। संधू के नाम अब आठ पेशेवर खिताब हैं जिनमें छह पीजीटीआई मुख्य टूर पर जीते हैं। उन्होंने जीत के साथ 11,25,000 का चेक भी हासिल किया जिससे इस सत्र में उनकी कमाई 62,39,768 रूपए हो गई।मनु गंडास दूसरे स्थान पर रहे। ग्रेटर नोएडा के अर्जुन शर्मा तीसरे स्थान पर रहे।

### पंजाब ने मप्र को हराकर लगातार चौथी जीत दर्ज की

**मुंबई।** पंजाब के कप्तान मनदीप सिंह ने मोर्चे से अगुवाई करते हुए 90 रन बनाकर टीम को विजय हजारे ट्रॉफी ग्रुप डी के मैच में शनिवार को मध्यप्रदेश पर 26 रन से जीत दिलाई। कम स्कोर वाले मैच में मनदीप की पारी के दम पर पंजाब ने 232 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने 33 और अनमोल मलहोत्रा ने 32 रन बनाए। पंजाब ने आखिरी पांच विकेट 23 रन के भीतर गंवा दिए। मप्र के तेज गेंदबाज कुलदीप सेन ने पांच विकेट लिए। जवाब में मप्र की टीम 47 .। ओवर में 206 रन पर आउट हो गई। पंजाब के सीनियर तेज गेंदबाज सिद्धार्थ कौल ने तीन जबकि स्पिनर हरप्रीत बरार और अभिषेक शर्मा ने दो दो विकेट लिए। पंजाब की यह चार मैचों में चौथी जीत थी जबकि मप्र की चार मैचों में दूसरी हार थी।

# सिक्किम को 10 विकेट से हराकर दिल्ली ने नॉकआउट की उम्मीदें बरकरार रखीं

**एजेंसी ■ कोलकाता**

> दिल्ली ने सिक्किम को 34.4 ओवर में 76 रन पर आउट करने के बाद महज 9.2 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया।

अनियमित स्पिनर ललित यादव और नितीश राणा ने आपस में छह विकेट लिए जिससे दिल्ली ने विजय हजारे एकदिवसीय ट्रॉफी में शनिवार को यहां सिक्किम को 10 विकेट से हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदें बरकरार रखी है। लगातार दो मैचों में जीत के साथ दिल्ली ने अपनी उम्मीदें जीवंत रखी है। दिल्ली ने सिक्किम को 34.4 ओवर में 76 रन पर आउट करने के बाद महज 9.2 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। दिल्ली ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया जिसके बाद राणा ने छह ओवर में 12 रन देकर तीन जबकि यादव ने आठ ओवर में 12 रन देकर तीन विकेट लिए। नियमित ऑफ स्पिनर शिवांग वशिष्ठ ने छह ओवर में 16 रन देकर एक विकेट लिए।

सिक्किम के 11 में से आठ बल्लेबाज पांच रन के आंकड़े को भी पार करने में विफल रहे। पंकज रावत ने सबसे ज्यादा 32 रन का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए ध्रुव शोरे ने 28 गेंद नाबाद 43 और हरफनमौला कुंवर बिधूड़ी ने 28 गेंद में नाबाद 33 रन बनाकर टीम को जीत दिला दी। दिल्ली की पांच मैचों में यह तीसरी जीत है और टीम 12 अंक के साथ ग्रुप तालिका में चौथे स्थान पर है। असम, कर्नाटक और झारखंड के नाम एक समान 16-16 अंक है। ग्रुप के अन्य मैचों में झारखंड ने मेघालय को 192 रन, राजस्थान ने विदर्भ को छह विकेट से हराया। असम ने उलटफेर करते हुए कर्नाटक को छह विकेट से हराया।

# आस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को 72 रन से हराकर वनडे श्रृंखला पर कब्जा किया

**एजेंसी ■ सिडनी**

स्टीव स्मिथ के 94 रन और मिशेल स्टार्क के (47 रन देकर) चार विकेट की बदौलत आस्ट्रेलिया ने शनिवार को यहां दूसरे मैच में इंग्लैंड पर 72 रन की जीत से तीन मैचों की वनडे श्रृंखला अपने नाम की।

स्मिथ की 114 गेंद की पारी से आस्ट्रेलिया ने सिडनी क्रिकेट मैदान पर आठ विकेट पर 280 रन का स्कोर खड़ा किया। स्टार्क ने फिर पहले ही ओवर में दो विकेट चटकाकर इंग्लैंड को बड़ा झटका दिया। जेम्स विंस (60 रन) और सैम बिलिंग्स (71 रन) ने इंग्लैंड को संभाले रखा लेकिन एडम जंपा (45 रन देकर चार विकेट) और स्टार्क ने उसकी सभी उम्मीदों पर पानी फेर दिया जिससे टीम 38.5 ओवर में 208 रन पर सिमट गई। स्टार्क को टी20 विश्व कप में अफगानिस्तान के खिलाफ टीम के अंतिम ग्रुप मैच में विवादास्पद तरीके से टीम से बाहर कर दिया गया था। इस गेंदबाज ने पहले ही ओवर में जेसन रॉय को विकेट के पीछे कैच आउट कराया और फिर डेविड मलान को बोल्ड किया। आस्ट्रेलिया ने गुरूवार को एडीलेड ओवल में पहले मैच में छह विकेट से हराया था। श्रृंखला का अंतिम मैच मंगलवार को मेलबर्न क्रिकेट मैदान पर खेला जाएगा। स्मिथ ने कहा था कि एडीलेड में श्रृंखला के शुरूआती मैच में वह छह साल में पहली बार सर्वश्रेष्ठ महसूस कर रहे थे और शनिवार को फिर वह इस मुकाबले में वह अपनी पारी के दौरान नियंत्रण में दिखे।

दूसरा टी20

# भुवनेश्वर की कशमकश में उलझा भारत गेम टाइम के लिए बेताब



**एजेंसी ■ माउंट मोनगानुई**

युवा भारतीय टीम को रविवार को यहां दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में न्यूजीलैंड से कड़ी चुनौती का सामना करने की उम्मीद है जिसमें कप्तान हार्दिक पंड्या की निगाहें कुछ गेम टाइम हासिल करने पर लगी होंगी, पर भुवनेश्वर कुमार के सामने भी इस छोटे प्रारूप में बने रहने की कठिन चुनौती होगी।वेलिंगटन में श्रृंखला का शुरूआती मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था और भारतीय खिलाड़ी यहां मैदान पर उतरने के लिए बेताब होंगे। यह मैदान जिस जगह स्थित है, उसे बे ऑफ प्लेंटी कहा जाता है और जहां तक टी20 प्रारूप में रवैए का संबंध है तो भारतीय क्रिकेट में इस समय सोच विचारने के लिए काफी कुछ है। बे ओवल मैदान की बाउंड्री काफी बड़ी हैं और यह एक खुला मैदान है जो वेलिंगटन में नहीं था। इस दौरे पर भारतीय टीम प्रबंधन को 33 वर्षीय भुवनेश्वर कुमार की मौजूदगी को लेकर चल रही दुविधा से निपटना पड़ सकता है। कुछ अनसुलझे सवाल हैं जिनका जितना जल्दी जवाब मिल जाए, भारतीय क्रिकेट के लिए उतना ही बेहतर होगा। क्या 2024 में होने वाले टी20 विश्व कप में भुवी होंगे जबकि उनकी रफ्तार में गिरावट दिख रही है? क्या उनके पास अपने मुद्दों को सुलझाने के लिए इतना समय है क्योंकि वह बल्लेबाजी के मुफीद पिच पर अब इतने कारगर नहीं रहे हैं? अगले साल ज्यादा टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं हैं और वह काफी हद तक एक प्रारूप के ही खिलाड़ी बन गए हैं तो इससे वह कहां पहुंचते हैं? इस समय सभी जवाब नकारात्मक ही दिखते हैं इसलिए एक सवाल उठता है कि क्या सबसे सीनियर तेज गेंदबाज के तौर पर खिलाना युवाओं से मौका छीनने जैसा नहीं होगा। सवालों की यह तलवार अंतरिम मुख्य कोच वीवीएस और कप्तान हार्दिक पांड्या के सामने लटकी होगी। भुवनेश्वर अपनी व्यक्तिगत उपलब्धि (एक कैलेंडर वर्ष में सबसे ज्यादा 40 विकेट चटकाने से महज चार विकेट दूर) के करीब खड़े हैं।

### मैं सपने में भी सूर्यकुमार की तरह बल्लेबाजी नहीं कर सकता: फिलिप्स

न्यूजीलैंड के बल्लेबाज ग्लेन फिलिप्स ने सूर्यकुमार यादव की तारीफ करते हुए शनिवार को कहा कि वह सपने में भी इस भारतीय दिग्गज की तरह शानदार शॉट नहीं खेल सकते। सूर्यकुमार टी20 रैंकिंग में दुनिया के शीर्ष बल्लेबाज है और भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ जब यहां के बे ओवल मैदान पर उतरेगी तो उसके सामने फिलिप्स को रोकने की चुनौती होगी। फिलिप्स ने इसी मैदान पर 46 गेंद में शतक जड़ा है। फिलिप्स ने स्टफ.को.एनजेड से कहा, वह (सूर्या) बिल्कुल अविश्वसनीय है। वह जो चीजें करता है, मैं उसे करने का सपना भी नहीं देख सकता हूं। मुझे कोशिश करना अच्छा लगेगा लेकिन मेरा खेल उससे काफी अलग है। कलाई की ताकत से छक्का लगाने की क्षमता उन्हें खास बनाती है। उस जैसी प्रतिभा को आप शायद ही देखें। फिलिप्स ने कहा कि उनकी और सूर्यकुमार के खेलने के तरीके से विरोधी गेंदबाजों को विकेट लेने का भी मौका अधिक मिलता है। उन्होंने कहा, मेरे पास मेरी ताकत है और उसके पास उसकी अपनी ताकत है और हम अलग-अलग तरीकों से अपना काम करते हैं।

### टीमें इस प्रकार हैं:

**भारत:** हार्दिक पंड्या (कप्तान), ऋषभ पंत (उप कप्तान और विकेटकीपर), शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव, संजू सैमसन, श्रेयस अय्यर, ईशान किशन (विकेटकीपर), दीपक हुड्डा, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, वाशिंगटन सुंदर, हर्षल पटेल, भुवनेश्वर कुमार, उमरान मलिक, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह।

**न्यूजीलैंड:** केन विलियमसन (कप्तान), डेवोन कॉनवे, फिन एलेन, ग्लेन फिलिप्स, डेवोन सिनवे, डेरिल मिशेल, एडम मिल्ने, माइकल ब्रेसवेल, ईश सोढ़ी, मिशेल सैंटनर, लॉकी फर्ग्यूसन, टिम साउदी, ब्लेयर टिक्नर।

**मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 12 बजे शुरू होगा।**

# खेल मंत्रालय ने नीरज और तीन खिलाड़ियों के विदेश में अभ्यास शिविर की मंजूरी दी

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**



खेल मंत्रालय ने ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा के ब्रिटेन के लोबोरो विश्वविद्यालय में प्रशिक्षण के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज, कोच क्लॉस बार्टोनिट्ज और फिजियोथेरेपिस्ट ईशान मारवाहा के साथ 63 दिनों के लिए लोबोरो में प्रशिक्षण लेंगे। नीरज के अलावा, सरकार की मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने शुक्रवार को अपनी 86वीं बैठक में बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत, पहलवान दीपक पूनिया , भाला फेंक और राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता अन्नू रानी के प्रस्तावों को भी मंजूरी दे दी। इन सभी एथलीटों के प्रशिक्षण की अनुमानित लागत लगभग 94 लाख रुपए होगी, जिसे खेल मंत्रालय के राष्ट्रीय खेल विकास कोष (एनएसडीएफ) के तहत मंजूरी दी जाएगी। श्रीकांत ने अपने कोच और फिजियोथेरेपिस्ट के साथ जकार्ता के प्रिज्मा स्पोर्ट्स क्लब में 29 दिनों तक अभ्यास करेंगे। दीपक 34 दिनों के लिए मिशिगन में अपने फिजियोथेरेपिस्ट के साथ रहेंगे, जबकि अनु रानी अपने फिजियोथेरेपिस्ट के साथ जर्मनी के लीचथलेटिक-जेमिनशाफ्ट (एलजी) ऑफेनबर्ग में कोच वर्नर डेनियल के नेतृत्व में प्रशिक्षण लेंगी। डेनियल ने पहले नीरज को भी प्रशिक्षण दिया था। इनके लिए कोष भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) की टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) के तहत प्रदान किया जाएगा और इसमें खिलाड़ी और उनके सहयोगी स्टाफ की उड़ान, आवास, स्थानीय यात्रा और अन्य खर्चों जैसे की भोजन की लागत शामिल होगी। इस दौरान टॉप्स हर खिलाड़ी को अपने प्रवास के दौरान किसी भी अन्य खर्च के लिए प्रति दिन 50 अमेरिकी डॉलर का आउट-ऑफ-पॉकेट भत्ता (जेब खर्च) भी प्रदान करेगा।

### एरिगेसी ने अनीश गिरी को हराया

**सान फ्रांसिस्को।** भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी ने शनिवार को यहां मेल्टवॉटर चैम्पियंस टूर फाइनल्स के पांचवें दौर में नीदरलैंड के जीएम अनीश गिरी पर 2.5-1.5 से जीत दर्ज की। युवा जीएम आर प्रगानांनदा को पोलैंड के जान क्रिस्तोफ डुडा से कड़ी चुनौती मिली जिससे चार रैपिड मैच, दो ब्लिट्ज और एक आर्मागेडोन मैच के बाद मुकाबला 3.5-3.5 से बराबरी पर रहा। भारतीय खिलाड़ी एरिगेसी की यह दूसरी जीत थी जिससे उनके 17 वर्षीय हमवतन प्रगानांनदा के बराबर छह अंक हो गए हैं। एरिगेसी ने पहला गेम सफेद मोहरों से खेलते हुए 56 चाल में और दूसरा काले मोहरों से खेलते हुए 44 चाल में जीता। 36 चाल के ड्रा से एरिगेसी अपनी दूसरी जीत दर्ज करने में सफल रहे। उन्होंने इससे पहले दिन अजरबेजान के शखरियार मामेदयारोव को 3-। से हराया था। प्रगानांनदा और डुडा के बीच मुकाबला रोमांचक रहा। डुडा ने पहला गेम जीता लेकिन भारतीय स्टार 53 चाल में दूसरे में जीत हासिल कर बराबरी पर पहुंच गया। फिर डुडा ने तीसरा और प्रगानांनदा ने चौथा गेम जीता। भारतीय खिलाड़ी ने पहला ब्लिट्ज टाई ब्रेक गेम जीता लेकिन प्रतिद्वंद्वी 41 चाल की जीत से बराबरी पर आ गया। आर्मागेडोन (सडन-डेथ गेम) में डुडा और प्रगानांनदा के बीच 90 चाल तक कोई फैसला नहीं हुआ और मुकाबला ड्रा रहा। नार्वे के दुनिया के नंबर एक शतरंज खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने वियतनाम के क्वांग लिएम ली को सडन टाई-ब्रेक में 4-3 से पराजित किया। दिन के अन्य मैचों में अमेरिका के वेस्ले सो ने मामेदयारोव को 3-0 से पराजित किया। कार्लसन 15 अंक से तालिका में शीर्ष पर हैं। डुडा नौ अंक से दूसरे और सो (9) तीसरे स्थान पर हैं।

हॉकी | सुमित ने कहा कि भारत का आगामी आस्ट्रेलियाई दौरा भी विश्व कप की तैयारियों के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण है

# विश्व कप में पोडियम स्थान हासिल करना है लक्ष्य: सुमित

**एजेंसी ■ भुवनेश्वर**



ओलंपिक कांस्य पदक विजेता मिडफील्डर सुमित ने कहा कि भारतीय पुरूष हॉकी टीम अगले साल जनवरी में होने वाले एफआईएच विश्व कप में पोडियम स्थान हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है क्योंकि पिछले चरण में क्वार्टरफाइनल में बाहर होने की निराशा अभी तक खिलाड़ियों को सालती है। भुवनेश्वर ने 2018 विश्व कप की मेजबानी की थी और भारत को उप विजेता बनी नीदरलैंड से।-2 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा था। लेकिन भारतीय टीम को घरेलू दर्शकों के सामने शानदार प्रदर्शन करने का फिर मौका मिलेगा। भुवनेश्वर और राउरकेला अगले साल 13 से 29 जनवरी तक संयुक्त रूप से इसकी मेजबानी करेंगे। सुमित ने हॉकी इंडिया द्वारा शुरू की गई पोडकास्ट सीरीज हॉकी ते चर्चा पर कहा, मुझे अब भी 2018 हॉकी विश्व कप याद है जब हम क्वार्टरफाइनल में हार गए थे और जब भी मैं भुवनेश्वर जाता हूं तो मुझे उसी हार की याद आ जाती है। एफआईएच ओडिशा हॉकी पुरूष विश्व कप 2023 में हमारी टीम का लक्ष्य पोडियम पर रहना है। उन्होंने कहा, हमारा अभ्यास बहुत अच्छा चल रहा है। हमने एफआईएच प्रो लीग के सभी चारों मैचों में अच्छी हॉकी खेली, इसलिए हमारी तैयारियां सही दिशा में आगे बढ़ रही हैं। सुमित ने कहा कि भारत का आगामी आस्ट्रेलियाई दौरा भी विश्व कप की तैयारियों के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण है। भारत इस समय पांचवीं रैंकिंग पर काबिज है और टीम 26 नवंबर से चार दिसंबर के बीच पांच मैचों की श्रृंखला में दुनिया की नंबर एक आस्ट्रेलियाई टीम से भिड़ेगी। दौरे का दूसरा, तीसरा और चौथा मैच क्रमशः 27, 30 और तीन दिसंबर को खेला जाएगा। सुमित ने कहा, एआईएच विश्व कप से पहले आस्ट्रेलियाई दौरा काफी महत्वपूर्ण है। आस्ट्रेलिया काफी मजबूत टीम है, हमें उनसे अच्छी प्रतिस्पर्धा मिलेगी और बड़े टूर्नामेंट से पहले इतनी मजबूत टीम के खिलाफ खेलना हमारे लिए आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। तोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य सुमित भली भांति जानते हैं कि विश्व कप की टीम में जगह बनाने के लिए को उन्हें कड़ी प्रतिस्पर्धा मिलेगी। उन्होंने कहा, अगर मैं अच्छा खेला तो कोई भी मुझे विश्व कप के लिए भारतीय टीम में जाने से नहीं रोक सकता। सुमित ने कहा, मैं हमेशा मैदान पर जाकर अपना शत प्रतिशत देने के बारे में सोचता हूं। मैं हमेशा खुद से प्रतिस्पर्धा करता हूं और मानता हूं कि मुझे पिछले दिन से बेहतर होना होगा। मेरा काम कड़ी मेहनत करना है और चयन पूरी तरह से कोच और चयनकर्ताओं पर निर्भर करता है।

## शॉर्ट न्यूज

### कतर और इक्वाडोर के मैच के साथ शुरू होगा विश्व कप फुटबॉल का महाकुंभ

**दोहा।** मेजबान कतर और इक्वाडोर के मुकाबले के साथ रविवार को जब विश्व कप फुटबॉल का आगाज होगा तो उम्मीद है कि यहां के मानवाधिकारों, प्रवासी श्रमिकों, एलजीबीटीक्यू (लेस्बियन, गे, बाइसेक्सुअल, ट्रांसजेंडर और क्वीर) समुदाय और बीयर (शराब युक्त) जैसे मुद्दे पर यहां के राजशाही के रवैए की आलोचना पीछे छूट जाएंगे। पहले से ही कई तरह की आलोचना का सामना कर रहे कतर ने आलोचकों को उस वक्त एक और मौका दे दिया जब शुक्रवार को स्टेडियमों में शराब युक्त बीयर को दर्शकों के लिए बेचने पर रोक लगा दिया गया। कतर के लिए विश्व कप की मेजबानी वैश्विक मंच पर अपनी पहचान बढ़ाने और आधुनिकीकरण की ओर बढ़ने के प्रयास में उठाया गया कदम है। यह कतर के लिए राष्ट्रीय गौरव का क्षण है। लेकिन इस प्रतियोगिता में भाग ले रही कतर की टीम को अपनी सबसे बड़ी चुनौती से पार पाना होगा। कतर ग्रुप ए में है जहां इक्वाडोर के अलावा सेनेगल और नीदरलैंड भी शामिल हैं। फुटबॉल विश्व कप के इतिहास में 2010 में दक्षिण अफ्रीका एकमात्र मेजबान देश है जो ग्रुप चरण से आगे निकलने में विफल रहा है। ऐसे में कतर के सामने इस तरह की असफलता से बचने की चुनौती होगी। सेनेगल और नीदरलैंड की टीम काफी मजबूत मानी जाती है ऐसे में कतर के सामने रविवार को इक्वाडोर के खिलाफ जीत दर्ज करने का सर्वश्रेष्ठ मौका होगा। कतर की टीम फीफा रैंकिंग में 50वें स्थान पर है जबकि इक्वाडोर की रैंकिंग 44 है। इस टूर्नामेंट के लिए कतर की टीम पिछले कई साल से तैयारी कर रही है। टीम ने इसके तहत जिसमें 2019 कोपा अमेरिका और 2021 कोनकाकैफ गोल्ड कप में शामिल होना शामिल है। इस दौरान टीम ने 2019 में एशियाई कप को जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा भी मनवाया। उस महाद्वीपीय खिताब का श्रेय कोच फेलिक्स सांचेज के दिमाग को दिया गया था, जो 2017 से इस टीम के साथ जुड़े है। वह इससे पहले कतर की अंडर-19 टीम के प्रभारी थे। एशियाई कप की सफलता से हालांकि विश्व के स्मर की तुलना नहीं की जा सकती क्योंकि यहां खेल अपने शीर्ष स्तर पर होगा।स्पेन के इस कोच ने स्पेनिश खेल समाचार पत्र मार्का से कहा, हम टीम को सामान्य रखने की कोशिश करेंगे। हमें पता है कि दबाव होगा, हम खिलाड़ियों पर और अधिक दबाव नहीं बनाना चाहते। हम अपनी दिनचर्या का पालन कर रहे है। हम टीम को लेकर बाहर होने वाली चर्चा से दूर रहने की कोशिश के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ करने पर ध्यान दे रहे है। उन्होंने कहा, मैदान में 60,000 दर्शकों के सामने प्रदर्शन करना मुश्किल है। यह विश्व कप है और यहां आपसे काफी उम्मीदें होती है। इक्वाडोर की टीम हालांकि कतर को हराने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहेगी। टीम को विश्व कप क्वालीफिकेशन के दौरान हालांकि एक अयोग्य खिलाड़ी को खिलाने का आरोप लगा। चिली और पेरू ने आरोप लगाया था कि डिफेंडर बायरन कैस्टिलो का संबंध कोलम्बिया से है और वह अवैध रूप से क्वालीफाइंग मैचों में खेले थे। खेल पंचाट (कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन फॉर स्पोर्ट) ने हालांकि उस दावे को खारिज कर दिया था। कैस्टिलो को बाद में कोच गुस्तावो अलफरो की कतर के लिए चुनी गई 26 सदस्ईय टीम में शामिल नहीं किया गया। उम्मीद है रविवार को फुटबॉल का महाकुंभ शुरू होने के साथ ही ए सभी विवाद पीछे छूट जाएंगे और चर्चा सिर्फ इस खेल की होगी।

### एनएचपीसी द्वारा उभरते हुए खिलाड़ियों के लिए एनएचपीसी खेल छात्रवृत्ति योजना के लिए आवेदन आमंत्रित

**नई दिल्ली।** एचपीसी द्वारा 16 खेलों- फुटबॉल, कबड्डी, हॉकी, मुक्केबाजी, तीरंदाजी, एथलेटिक्स, निशानेबाजी, क्रिकेट, तैराकी, कुश्ती, वॉलीबॉल, ब्रिज, टेबल टेनिस, शतरंज, बैडमिंटन और पैरा खेलों के लिए उभरते हुए खिलाडियों हेतु एनएचपीसी खेल छात्रवृत्ति योजना÷ के अंतर्गत पात्र आवेदकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। ये छात्रवृत्तियां 14-19 वर्ष (पैरा खेलों के लिए 14-24 वर्ष) की उम्र के होनहार युवा खिलाड़ियों की प्रतिभा के प्रोत्साहन तथा ऐसे खिलाड़ियों को उनकी शिक्षा के प्रारंभिक वर्षों के दौरान एक प्रतिभा-पूल बनाने के उद्देश्य से दी जाएंगी। उपरोक्त 16 खेलों में अधिकतम 32 छात्रवृत्तियों (प्रत्येक खेल हेतु 2 छात्रवृत्ति) का प्रावधान है। आवश्यक मानदंडों की पूर्ति के आधार पर दो श्रेणियों अर्थात एलीट स्कॉलर तथा स्कॉलर हेतु छात्रवृत्ति के लिए आवेदन पत्रों पर विचार किया जाएगा। छात्रवृत्तियां तीन वर्ष की अवधि तक दी जाएगी। एलीट स्कॉलर को प्रथम वर्ष में रू. 12,000/- प्रति माह, दूसरे वर्ष में रू. 13,000/- प्रति माह तथा तीसरे वर्ष में रू. 14,000/- प्रति माह की दर से छात्रवृत्ति राशि दी जाएगी। स्कॉलर को प्रथम वर्ष में रू. 9,000/- प्रति माह, दूसरे वर्ष में रू. 10,000/- प्रति माह तथा तीसरे वर्ष में रू. 11,000/- प्रति माह की दर से छात्रवृत्ति राशि दी जाएगी। इसके अलावा, इस छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत कुछ अन्य सुविधाएं भी प्रदान की जाएगी।



विमर्श

# लालच, हिंसा, घृणा को समाज से दूर करना बहुत जरूरी

राजस्थान में जहां जाति भेदभाव का दंश झेलती दलित जातियों का उत्पीड़न किया जाता है वहीं आज आम आदमी का जीवन तथा उसकी संपत्ति की सुरक्षित भी नहीं है। राज्य में शासन व्यवस्था पर गरीब और महिलाओं का विश्वास खत्म होता जा रहा है। हाल ही में कुछ ऐसी घटनाएं प्रकाश में आई जिन्हें देख और सुन कर ही आदमी के रोंगटे खड़े रोजाते हैं। 10 अक्टूबर 2022 को एक 108 वर्षीय महिला के दोनों पैरों को काटकर चांदी के कड़े लूटे। यह खबर जयपुर के गलता गेट थाना क्षेत्र में रविवार को सुबह कुछ अज्ञात बदमाशों ने 108 वर्ष की एक महिला के दोनों पैरों को किसी धारदार हथियार से काटकर चाँदी के कड़े लूटे और महिला को तड़पता हुआ छोड़कर फरार हो गए। घायल बुजुर्ग महिला के कटे पैरों से खून बहता रहा और वह दर्द से कराहती रही थी। एक घंटे बाद परिवार के सदस्यों को घटना के बारे में पता चलने पर उन्होंने घायल बुजुर्ग महिला को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने बताया कि मीणा कॉलोनी निवासी जमुना देवी अपनी बेटी गोबिंदी देवी और दोहिती ममता के साथ रहती है। रविवार सुबह पांच बजे पीड़िता के भतीजे गोपाल मीणा ने बताया कि हम सब सोए हुए थे अचानक कुछ बदमाशों ने बुजुर्ग माता जी पर हमला कर उन्हें घर से बाहर खींच लिया वो ज्यादा बोल नहीं पाती है, इसलिए उनके चिल्लाने पर परिवार के लोग यानी हम उनकी बात नहीं सुन सके। पीड़िता की बेटी गोबिंदी देवी ने बताया कि मुझे मेरी बेटी ममता ने बताया कि मेरी माँ के दोनों पैर कटे हुए है। पुलिस ने एफआईआर लिखकर बदमाशों के तलाश में जुट गई। दूसरी घटना 18 अक्टूबर 2022 की राजस्थान के भिवाड़ी की है। किडनैपर नहीं पकड़े जाते तो बच्चों की लाशों के साथ ही दफन हो जाते राणा नशे की लत और महंगे शौक पूरे करने के लिए एक गिरोह के चार सदस्यों ने राजस्थान के भिवाड़ी से तीन मासूम बच्चों का अपरण कर लिया था। ज्ञानसिंह अपनी पत्नी उर्मिला व अपने छह बच्चों के साथ कुछ महिने पहले ही भिवाड़ी आकर रहता था वह खुद मजदूरी करता था और उसकी पत्नी ठेले पर सब्जी बेचती थी। उसकी बड़ी बेटी एक कंपनी में काम करती है। घटना के दिन दोपहर करीब 11 बजे जब वह घर गया तो घर में बस छोटी बच्ची खेलती मिली। इसी बीच किडनैपर्स ने फोन करके आठ लाख की फिरौती मांगी। उन्होंने पुलिस को कॉल करके इसकी सूचना दे दी। गिरफ्तार किडनैपर्स ने पूछताद में पुलिस को बताया कि उनका बच्चों के मारने का इरादा नहीं था, लेकिन जब बच्चे रोने लगे तो उन्हें डर लगने लगा कि इससे उनका भेद खुल जाएगा। तीनों बच्चों को अपहरण करके दिल्ली लाए, लेकिन बच्चे रोने लगे, जिससे गुस्सा होकर उन्होंने महरौली इलाके में तीनों का गला घोट दिया था और उन्हें जंगल में गड्ढा खोदकर दफन कर दिया था। कुछ देर बाद एक बच्चे को होश आया तो उसने खुद को मिट्टी में दबा पाया। उसने हाथ-पाँव चलाकर खुद को बाहर निकाला और जंगल से भाग कर सड़क के किनारे बेहोश होकर गिर पड़ा। उधर से दिल्ली पुलिस के पेट्रोलिंग के स्टाफ की नज़र पड़ी। पुलिस उस लड़के को उठा कर अस्पताल ले गई। ठीक होने पर उसे बाल सुधार गृह भिजवाया। उन चार बदमाशों ने जो पुलिस को बताया कि वे लोग तीन बच्चों को हवाई जहाज में बैठाने और चॉकलेट के बहाने अपने साथ ले आए थे। भिवाड़ी से वे लोग धारूहेड़ा होते हुए गुरुग्राम और वहां से मेट्रो पकड़कर यमुना बैंक स्टेशन पहुँचे वे फिरौती मिलते ही बच्चों को यमुना में डूबाकर मार देना चाहते थे। पुलिस कहती हैं फिरौती की कॉल नहीं आती और समय पर भिवाड़ी पुलिस दो अपहरणकर्ताओं को नहीं पकड़ती तो शायद दो बच्चों की मौत का राज उनके साथ ही दफन हो जाता। क्योंकि तीसरे बच्चे को ये तक नहीं पता था कि वह खुद कहाँ है और उसके दो भाई कहां है? कोई अपने नशे और महंगे कपड़े और अय्याशी में मस्त है, किसी की दो जून की रोटी और अपनी इज्जत बचाने में जीवन खपा रहा है तब भी उसे चैन से रोटी कहां है?



6 अगस्त 22 समाचार पत्र में छपी खबर के अनुसार, निघासन लखीय पुरखीरी। निघासन थाना क्षेत्र के एक गाँव में बुद्धवार शाम करीब छह बजे अनुसूचित जाति की दो नाबालिग बहनों के शव पेड़ से लटके मिले। उनकी माँ का कहना है कि एक घंटे पहले उनके सामने ही एक पड़ोसी और तीन अन्य युवक उनकी बेटियों को अगवा कर ले गए थे। दुष्कर्म के बाद का हत्या का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया गया। उसकी माँ के मुताबिक, चारों आरोपी अचानक घर में घूस गए। हाथापाई करते हुए वे लोग उसकी 17 और 14 वर्ष की दो बेटियों को उठाकर ले जाने लगे। हमारे रोकने पर एक आरोपी ने मां को धक्का देकर गिरा दिया। अन्य आरोपी दोनों बहनों को जबरन बाइक पर लादकर गांव के बाहर भाग गए। इसके बाद आरोपियों की तलाश शुरू की गई। करीब एक घंटे के बाद इसी गाँव के ही एक खेत में दोनों बहनों के शव खेत के एक पेड़ से लटके मिले। बड़ी बहन का शव ऊपर, जबकि छोटी बहन का शव नीचे लटका मिला। छोटी बहन के घुटने जमीन पर टिके थे। बड़ी बहन हाईस्कूल और छोटी आठवीं में पढ़ती थी। उत्तर प्रदेश पुलिस के अनुसार तीनों आरोपी अल्पसंख्यक समुदाय से थे एक दूसरे समुदाय से था। एक आरोपी जुनैद को वीरवार सुबह करीब आठ बजकर 34 मिनट पर मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया। इस मुठभेड़ में वह घायल हो गया। उसके पास से घटना में इस्तेमाल की गई मोटर साइकिल के अलावा एक देशी और पिस्तौल और कारतूस भी बरामद हुए। दोनों लड़की नाबालिग थी इसलिए यौन अपराधियों से बच्चों का संरक्षण (पाक्सो) अधिनियम के तहत भी मामला दर्ज किया गया। देश के सभी राज्यों में दलित उत्पीड़न, अत्याचार, अन्याय और भेदभाव बढ़ रहा है इसलिए इसका प्रचार विपक्ष और आम जनता में हो रहा है। लेकिन सोचिए की क्या प्रचार मर कर देने से इसका समाधान हो जाये तो कानून बहुत है, पर उनको सही प्रकार से लागू नहीं किया जाता जिससे अभियोजन पक्ष अपने द्वारा कोई न कोई ऐसी बड़ी कमी छोड़ देती है जिससे आरोपी बिना सजा के छूट जाते है। कहीं न्यायधीश आरोपी को जमानत इस आधार पर दे देते है कि आरोपी एवं बडा सामाजिक कार्यकर्ता है। वह ऐसा आचरण नहीं कर सकता आदि। ये मानसिकता हमें बदलनी होगी।

कर्मशील भारती

स्मृति

# गुमशुदा नाटककार स्वदेश दीपक की स्मृति में एल्सवेयर फाउंडेशन की शुरुआत

- कोर्ट मार्शल और मैंने मांडू नहीं देखा जैसी रचनाओं के लिए मशहूर स्वदेश दीपक 7 जून 2006 को टहलने के लिए घर से निकले और कभी लौट कर नहीं आए।
- संगीत नाटक अवार्ड विजेता नाटककार स्वदेश दीपक (जिन्होंने कोर्ट मार्शल लिखा), 7 जून 2006 से लापता हैं जब वो घर से टहलने के लिए निकले और कभी लौट कर नहीं आए। उनकी याद में आज कला प्रबंधन विशेषज्ञ नगीना बैंस और लेखक के बेटे, सुकान्त दीपक ने एल्सवेयर फ़ॉउंडेशन की स्थापना करने की घोषणा की।

चंडीगढ़ स्थित एल्सवेयर फाउंडेशन किसी एक शहर तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि इसका उद्देश्य देश भर में प्रदर्शनों, फिल्म स्क्रीनिंग, कला प्रदर्शनियों और कार्यशालाओं, व्याख्यानों, और पुस्तक वाचन संगोष्ठियों को संचालित करना और देश भर में विभिन्न कलाओं के बीच सहयोग की सुविधा प्रदान करना है।फाउंडेशन की पहली प्रस्तुति, महमूद फ़ारूक़ी की दास्ताँ-ए-कर्ण महाभारत 16 नवंबर को चंडीगढ़ के रॉक गार्डन में हुई। इसमें योद्धा कर्ण की उस कहानी को फिर से सुनाने का प्रयास किया गया, जो उर्दू, फारसी, हिंदी और संस्कृत के उन स्रोतों पर आधारित है जिनमे कर्ण के जन्म से लेकर उनकी मृत्यु तक की पड़ताल की गई है।



सुकान्त दीपक ने कहा -कला के विभिन्न रूपों के बीच सहयोग और समकालीन राजनीतिक और सामाजिक मुद्दों पर कला के माध्यम से बात रखने में मुझे हमेशा दिलचस्पी रही है। हालांकि ये फाउंडेशन मेरे पिता की स्मृति में स्थापित किया गया है मगर इसका उद्देश्य उनके कामों का प्रचार करना नहीं है- वो ये बात कभी पसंद नहीं करते। सच कहूँ तो नगीना के प्रोत्साहन और प्रबंधन के क्षेत्र में उनकी महारत के बल पर ही ये विचार एक ठोस रूप ले पाया है। मुझे उम्मीद है की कलाकार और दर्शक हमारे प्रयास की सराहना करेंगे।

इस अवसर पर सह-संस्थापक नगीना बैंस ने कहा, आत्म-खोज की मेरी यात्रा में एल्सवेयर फ़ॉउंडेशन मेरे मूल्यों के सबसे क़रीब है। हम एक क्षेत्र के कलाकारों के काम को दूसरे क्षेत्र के कलाकारों के सामने प्रस्तुत करना चाहते हैं। और फाउंडेशन का उद्देश्य इन सब से कहीं ज़्यादा बड़ा है। कला शिक्षा, कलाकारों के साथ बातचीत, और कला परियोजनाओं के द्वारा सामाजिक विषयों पर काम करना हमारा प्रमुख एजेंडा है।

फाउंडेशन की सलाहकार समिति में पद्म भूषण पुरस्कार विजेता मल्लिका साराभाई (शास्त्रीय नर्तक और अभिनेत्री), पद्म श्री पुरस्कार विजेता नीलम मानसिंह चौधरी (रंगमंच निर्देशक), साहित्य अकादमी पुरस्कार विजेता लेखक और कवि जेरी पिंटो, पूजा सूद (निर्देशक, खोज), रवि सिंह (प्रकाशक, स्पीकिंग टाइगर), दीवान मन्ना (फोटोग्राफर), निरुपमा दत्त (कवि और आलोचक) और चंदर त्रिखा (निदेशक, हरियाणा साहित्य अकादमी और हरियाणा उर्दू अकादमी) शामिल हैं।

लेखक और कोच्ची बीएनेल फाउंडेशन के ट्रस्टी एन एस मादवन ने कहा -मुझे एल्सवेयर फ़ॉउंडेशन से बड़ी उम्मीदें हैं -ये एक ऐसा मंच है जो विभिन्न कलाओं और उनके संगम का स्वागत करता है। दुनिया भर में अलग-अलग प्रकार की कलाएं एक साथ जुड़ रही हैं और एकल कलाओं का जड़ स्वरुप अब बाक़ी नहीं रहा। हमें अब इस बाइनरी से बाहर आना होगा। यह बेहद ज़रूरी है एक क्षेत्र के दर्शकों को अन्य क्षेत्रों के विभिन्न कला रूपों से अवगत कराया जाए। कला का आदान-प्रदान एक बेहतरीन विचार है।

नीलम मानसिंह चौधरी ने कहा- महमूद फ़ारूक़ी एक बेहतरीन दास्ताँगो हैं। ये एक बड़ी उपलब्धि है कि एल्सवेयर फ़ॉउंडेशन ने उन्हें 16 नवंबर को चंडीगढ़ में दास्तानगोई के लिए आमंत्रित किया है। दर्शक एक लाजवाब कलाकार को देखेंगे, अनुभव करेंगे और उम्मीद है की कला पर दिलचस्प बातें की जाएंगी।

साहित्य अकादमी पुरस्कार विजेता अरुंधति सुब्रमण्यम ने एल्सवेयर फ़ॉउंडेशन के बारे में कहा- एक ऐसे समय में जब हम सब ये समझने का प्रयास कर रहे हैं की कैसे अपनी जड़ों से जुड़े रह कर वैश्विक नजरिया अपनाया जाये, कैसे बिना अलग-थलग हुए स्थानीयता अपनायी जाये, कैसे बिना खुद को अलग किये अपनी अलग पहचान क़ायम रखी जाये, एल्सवेयर फ़ॉउंडेशन सही दिशा में एक बेहतरीन क़दम है।

इतिहास कौन लिखता है?

# अच्छे दिनों के इतिहास की परिकल्पना

इतिहास एक विशेष एवं रोचक ज्ञान की शाखा है। इतिहास की रचना एक संकलन है जिसमें कलावधि में घटित अलग-अलग घटनाओं व पहलुओं का समावेश होता है। यह एकमात्र माध्यम है जिसमें काल के भूत परिवेश को जानने व समझने का अवसर मिलता है। इसे लिखने की जरूरत या मकसद ज्ञान को संजोकर समय में आगे ले जाना है, जो एक विज्ञान का स्वरूप होता है, परन्तु अल्पता के कारण किसी व्यक्ति, स्थान आदि से जुड़े प्रकरण को, प्रचलित रूप से, इतिहास की संज्ञा दी जाती है।

समय के साथ-साथ इन रचनाओं का प्रयोग राज्य व समाज के दर्शन के रूप में देखने को मिलता है। दर्शन अपने प्रकृति के अनुरूप इन रचनाओं का तुलनात्मक अध्ययन करती है और जरुरत पड़ने पर परिभाषित भी करती है। ये विभिन्न तुलनात्मक परिभाषाएं ही सामाजिक, राजनितिक, धार्मिक, व्यावहारिक आदि के स्थिरता व अस्थिरता का कारण बनती है। अब बड़ा सवाल यह है कि वर्तमान की स्थिरता व अस्थिरता के लिए भूत की चर्चा क्यों, कैसे और किसके द्वारा कि जाती है? इन सारे सवालों का उत्तर भविष्य में विभिन्न स्तरों पर नीतियां स्थापित करने के लिए एक आवश्यक पहलू हो सकती हैं।

किसी स्थान व राज्य के इतिहास के अध्ययन कि आवश्यकता उस समय के राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक, व्यावहारिक आदि व्यवस्थाओं की कार्रवाई व नैतिक मूल्यों के अध्ययन व चिंतन करने के लिए की जाती है। समय-समय पर विभिन्न शासकों द्वारा इसका प्रयोग प्रचार प्रसार के लिए भी किया जाता रहा है। अब जब बात प्रचार प्रसार के जरिये राजनितिक व्यवस्थाओं व मूल्यों को प्रेषित करने की हो तो प्रतिस्पर्धा स्वाभाविक है। प्रतिस्पर्धा की होड़ में जब इतिहास किसी राज्य व समाज विशेष के गौरवगाथा का हिस्सा और ऊर्जा प्रसार के लिए उत्प्रेरक बन जाता है, तब इतिहास को एक ख़ास सोंच से ओतप्रोत सांचे में ढाला जाता है जिसे सामाजिक अभियांत्रिकी के रूप में समझा जा सकता है। इतिहास का प्रयोग सामजिक अभियांत्रिकी के रूप में सत्ता के सुगंध से प्रेरित शक्तियां अपने विचारों को प्रेषित करने के लिए करती रहीं है। कभी कभी इनका प्रयोग दूसरों को कमतर दिखने याफिर उनके पहचान को कालांतर में समाप्त करने के लिए भी किया जा सकता है।

वर्तमान में उपलब्ध भारत का इतिहास उसके स्वर्णिम युग के साथ-साथ उतार चढाव से भरे प्रकरणों से भरा हुआ है। इक रोचक कल्पना किसी भी आम इंसान से मन में उठ सकती है कि इक्कीसवीं सदी के वर्तमान भारत का इतिहास कैसा होगा? क्या इसमें भारत को एक वैश्विक शक्ति के रूप में उभरता दिखाया जाएगा? याफिर, इस काल में भारत को एक पूंजीवादी राष्ट्र के रूप में अपना वर्चस्व स्थापित करने की कोशिश करते दिखाया जायेगा? याफिर, भारत को अपने सामजिक व सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण व पुनरुत्थान के प्रयासों के रूप में याद किया जाएगा?

उपरोक्त कुछ प्रमुख प्रश्न हैं जिनका प्रभाव प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से वर्तमान समय में आम नागरिकों पर पड़ रहा है। किन्तु, यह जानना रोचक हो सकता है कि उपरोक्त प्रश्नों में से कौन से प्रश्न का कारक जनता को अतिप्रसन्नता प्रदान करता है। यद्यपि प्रश्नो के उत्तर का करक भारतीयों व अप्रवासीय भारतीयों को गौरवान्वित होने का अवसर प्रदान करता है, किन्तु इन बिंदुओं को अलग-अलग परिप्रेक्ष्य में भी समझा जा सकता है।

यद्यपि देर से ही सही किंतु भारतीय समाज अपने गौरवान्वित पहचान को प्राप्त करने की दिशा में अग्रसर है और पाश्चात्य प्रभावों से दूर जाता मालूम पड़ता है। जिस पश्चिम ने भारत को एक व्यावसायिक केंद्र के रूप में स्थापित करने की पुरजोर कोशिश करने में कोई कसर नहीं छोड़ी और हमेशा भारतीयों को बाजार के रूप में देखा वहीं दूसरी ओर आज पश्चिमी देश भारत को कुछ वैश्विक समसस्याओं जैसे सुरक्षा व शांति आदि के हल के सूत्रधार के तौर पर देखते हैं।

कुल मिलाकर सत्ता पक्ष के पिटारे में तमाम व्यवस्थित निकाय व उसके प्रबंध है जो जनता को गर्व से भारतीय होने का अनुभव करा सके। अगर चयनित सरकार का तंत्र इतना ही आकर्षक है तो फिर क्यूं न इन्हें कुछ और समय के लिए इतिहास रचने दें। परंतु इस गण के तंत्र में परिवर्तन के नियम है। इन नियमों के परिणाम में परिवर्तन और अपरिवर्तन के प्रयास द्विपक्षीय होते हैं। मूलतः गणतंत्र में शासन का चयन विकास अथवा विकास की परिकल्पना के आधार पर होता है परंतु अक्सर इसे पसिद्धि के आधार पर भी देखा गया है। और, जब बात प्रसिद्धि की हो तो इतिहास की इसमें एक अहम् भूमिका है। इस काव्य के ज़रिये आने वाली पीढ़ियों को एक चेहरा दिया जाता है और बीते कल के सुनहरे पलों को याद कराने का प्रयास। समानांतर प्रयासों की झलक भारत के मद्यकालीन और आधुनिक इतिहासों में विदेशी ताकतों द्वारा रचे गए काव्यों तथा प्रत्यक्ष रूप में मिलतें हैं। इतिहास की रचना तो बहुपक्षीय होती है और कुछ तो निष्पक्ष भी लिखीं गई हैं। परंतु कौन सा इतिहास समय में अग्रसर होगा इसका चयन बाज़ार सजा कर किया जाता है। अब कैसा हो जब बाज़ार का नाम उसमे मिलने वाले तत्थों के आधार पर दिया जाए। इस व्यवस्था में तो स्थान तथा तथ्य एक दूसरे के पूरक मालुम पड़ेंगे। इस पूरकता को नामकरण का केंद्र बिंदु बता कर पेश किया जा सकेगा, जिसे किया जाता रहा है। इस व्यवस्था में विपक्ष को कमतर दिखया जाता है और कट्टर पंथियों के अल्पता के कारण वह मुख्य धरा से अलग हो जाते है।

क्या प्रत्यक्ष परिणाम भविष्य में भारत के अच्छे दिनों की याद दिनाले में सक्षम होंगी? इतिहास में संसोधन की कोशिशों से लेकर नये इतिहास रचने तक आज की तेज गति की सारी उठा-पटक इतिहास का हिस्सा बन जाएगी और फिर एक अमित पहचान।

सिद्धांत

पुरस्कार

# 'सेल स्वर्ण जयंती कहानी लेखन प्रतियोगिता : 2022' के परिणाम जारी

स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने 'सेल स्वर्ण जयंती कहानी लेखन प्रतियोगिता : 2022' का रिजल्ट घोषित किया है, जो सेल ने अपने स्थापना (24 जनवरी, 1973) के मौजूदा 'स्वर्ण जयंती वर्ष' के दौरान 27 मई, 2022 को लांच की थी। हिन्दी और अंग्रेजी भाषा में आयोजित की गई, इस प्रतियोगिता की थीम थी : 'पिछले पांच दशकों में सेल का राष्ट्र निर्माण में योगदान'।







**हिन्दी श्रेणी के विजेता**

प्रथम पुरस्कार विजेता - दानी प्रसाद शर्मा, भिलाई, छत्तीसगढ़
द्वितीय पुरस्कार विजेता - डॉ. कमलेश गोगिया, रायपुर, छत्तीसगढ़
तीसरा पुरस्कार विजेता - रमेश चंद, लक्ष्मी नगर, नई दिल्ली
सांत्वना पुरस्कार विजेता - अनीमिका सहाय, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश

**अंग्रेजी श्रेणी के विजेता**

प्रथम पुरस्कार विजेता - सुमोना राठौर, दुर्गापुर, पश्चिम बंगाल
द्वितीय पुरस्कार विजेता - अनिंदिता महापात्रा, राउरकेला, ओडिशा, मुनमुन मित्रा, राउरकेला, ओडिशा, अभिलाष कुमार शर्मा, बर्नपुर, पश्चिम बंगाल

**तृतीय पुरस्कार विजेता**

राजीब बनर्जी, रांची, झारखंड, पीयूष कमल, बर्नपुर, पश्चिम बंगाल, अद्विका सहाय, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश

**सांत्वना पुरस्कार विजेता**

लक्ष्मी नारायण मलिक, कोलकाता, पश्चिम बंगाल, संपद मिश्रा, राउरकेला, ओडिशा, मास्टर अद्वय सहाय, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश

इस प्रतियोगिता का आयोजन प्रतिभागियों को अपनी रचनात्मकता और लेखन कौशल दिखाने के लिए अवसर प्रदान करना था।

स्मृतिशेष

# सुविख्यात समालोचक डॉ. मैनेजर पांडेय की स्मृति सभा का आयोजन

**उन्होंने विचारों में जो जीवन जिया, जीवन में भी वही जिया। जो व्यक्ति नैतिकता को चुनता है वो ऋषि बन जाता है। उनके निधन से हिंदी को जो क्षति हुई है उसकी भरपाई करना मुश्किल है, उनके जाने के बाद हिंदी आलोचना अनाथ हो गयी है।शिखर बनने की चाह और पुरस्कार की चाह उन्होंने कभी नही पाली, वे हिन्दी के एक विलक्षण व्यक्ति थे। यह कहना था साहित्य अकादेमी में उपस्थित तमाम साहित्यकारों का जो सुविख्यात समालोचक डॉ. मैनेजर पांडेय की स्मृति सभा में उन्हें याद करने मौजूद थे। स्मृति सभा में प्रमुख साहित्यकारों के अलावा उनके सहकर्मी, विद्यार्थी, प्रकाशक और परिवारजन भी मौजूद थे। संचालन संजीव कुमार ने किया।**

हिंदी आलोचना के शिखर पुरुष मैनेजर पांडेय की स्मृति सभा का आयोजन राजकमल प्रकाशन द्वारा साहित्य अकादेमी के रविन्द्र भवन में किया गया। गौरतलब है कि हिंदी के मूर्धन्य साहित्यालोचक डॉ. मैनेजर पांडेय का निधन 6 नवम्बर को दिल्ली में हुआ था। साहित्यकार अनामिका ने मैनेजर पांडेय को याद करते हुए कहा, 'उन्होंने जो विचारों में जिया वह जीवन में भी जिया। वे चारों तरफ देखते थे। बाकी भाषाओं में क्या लिखा जा रहा है, क्या सोचा जा रहा है वे सब पर नजर बनाए रखते थे।'

वरिष्ठ साहित्यकार विश्वनाथ त्रिपाठी ने कहा, 'उनका जीवन काफी उथल-पुथल वाला रहा। आखिर ऐसा क्यों है कि उनका जाना आकस्मिक लगता है? क्योंकि हम सभी जानते हैं कि पाण्डेय जी जब तक रहते, लिखते रहते। वे एक निर्भीक व्यक्ति थे और उनके व्यक्तित्व का एक अंग ऐसा भी था जो बहुत कोमल था।'

वरिष्ठ आलोचक पुरुषोतम अग्रवाल ने कहा, 'मैं 17 साल उनका सहकर्मी रहा था और उससे पहले उनका विद्यार्थी भी रहा। एक छात्र और विद्यार्थी के बीच जो उचित दूरी होनी चाहिए थी वे हमेशा हमारे बीच रही।'

वरिष्ठ लेखिका मैत्रेयी पुष्पा ने कहा, 'महिला लेखकों को मैनेजर पांडेय का भरोसा हमेशा रहता था। अगर स्त्री टूट जाती तो वो कैसे लिखती, वे टूटने नहीं देते थे मुझे। लेखन में उन्होंने ही उम्मीदें जगाईं। युवा लेखक और उनकी छात्रा रहीं सुदीप्ति ने कहा कि 'इस वायुमंडल से मेरी आवाज उन तक जायेगी। मैं उनके स्नेह और उस आत्मीय व्यवहार को हर पल याद करूंगी। जीवन में उनकी कमी हमेशा खेलेगी।'

रेखा पांडेय ने उन्हें याद करते हुए कहा, 'जो व्यक्ति नैतिकता को चुनता है वो ऋषि बन जाता है। उन्हें किसी चीज का मोह नही था, उन्हें सिर्फ किताबों से मोह था चाहे वे कितनी महंगी हो खरीद लेते थे।'





अरुण कुमार ने कहा, 'पांडेय जी का सबसे बड़ा योगदान इंस्टिट्यूटशन बिल्डिंग का रहा। ऐसे व्यक्ति बहुत कम होते हैं।' देवेन्द्र चौबे ने कहा, 'जेएनयू में नामवर सिंह के बाद मैनेजर पांडेय न होते तो जेएनयू का हिंदी ढाँचा इतना मजबूत न होता।' रविभूषण ने कहा, 'उनके निधन से हिंदी को जो क्षति हुई है उसकी भरपाई करना मुश्किल है, उनके जाने के बाद हिंदी आलोचना अनाथ हो गयी है।' ज्योतिष जोशी ने कहा, 'उनका जीवन संघर्षपूर्ण रहा, विपरीत परिस्थितयों में उन्होंने अपने आप को खड़ा किया, उनका सम्पूर्ण जीवन त्रासदी का वृत्तांत था।' देवीशंकर नवीन ने कहा, 'उनकी वैचारिकता पढ़कर मैंने बहुत कुछ सीखा, मुझे गर्व है कि मैं उस हिंदी में पढ़ता, लिखता और बोलता हूं जिसमें नामवर सिंह और मैनेजर पांडेय लेखन और चिन्तन किया।'

रामस्वरूप किसान ने कहा, 'मैनेजर पांडेय का मैं मुरीद था, उनसे न मिल पाना मेरा दुर्भाग्य रहा।' उनके छात्र रहे श्रीधरम ने कहा, 'वे पहचान लेते थे कि कौन किस विषय पर काम कर सकता है, हम जैसे देहातियों को उन्होंने बहुत प्रोत्साहित किया था।' लेखक विनीत कुमार ने कहा, 'मैं जब भी उन्हें याद करूँगा एक ऐसे प्रोफ़ेसर के रूप मवन याद करूंगा जिसकी रीढ़ हमेशा मौजूद और मजबूत रही।' राजेन्द्र प्रसाद मिश्र ने कहा, 'पांडेय जी हमारे अभिभावक के समान थे। हमें हमेशा उनसे प्रेरणा और प्रोत्साहन ही मिला। उनके छात्र आशीष पांडेय ने उन्हें याद करते हुए कहा 'उनसे मिलने के बाद उम्मीदें जिन्दा रहती थीं।'

डॉ. चन्द्रा सदायत ने कहा, 'शिखर बनने की चाह और पुरस्कार की चाह उन्होंने कभी नही पाली। वे मेरे लिए इनसाइक्लोपीडिया थे।' गोपाल प्रधान ने कहा, 'जेएनयू सबको आकर्षित करता था, उसमें पाण्डेय जी का बहुत बड़ा योगदान था। जब तक मेरा जीवन रहेगा मुझे गर्व रहेगा कि मैं उनका शिष्य था।' उनकी छात्रा रहीं प्रज्ञा पाठक ने कहा, 'उन्हें बनारस से बड़ा लगाव था, जो छात्र बनारस या बिहार से जेएनयू आते थे उनसे उनका बड़ा लगाव हुआ करता था। मुझे भी उनसे बहुत स्नेह मिला।' अनवर जमाल ने अपने सन्देश में कहा, 'पांडेय जी जैसे अध्ययनशील व्यक्ति काफी कम देखे। मेरी नजर में वे बेहद सरल और संवेदनशील व्यक्ति थे।'

उर्मिलेश ने कहा, 'वे मेरे शिशक ही नहीं पथ-प्रदर्शक भी रहे। वे ऐसे शिशक थे जिन्हें मैं कभी भुला नही सकता। उनका स्थान मेरे जीवन में बेहद महत्वपूर्ण है।' सविता सिंह ने कहा, 'वे हिन्दी के विलक्षण व्यक्ति थे। उनको याद करने की सबसे बड़ी पद्दति यही होगी कि उन्होंने जो लिखा, सोचा, कहा हम उसपर विचार करें। उनके विचारों को आगे बढ़ाएं। यही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी।' रामशरण जोशी ने कहा, 'उनके साथ 45 वर्ष का संबंध रहा। वैसे वे साहित्य जगत के और मैं पत्रिकारिता क्षेत्र का था लेकिन हम दोनों ने हमेशा एक दूसरे के कार्य को सराहा।' गोबिंद प्रसाद ने कहा 'सहकर्मी के तौर पर हमारा काफी लंबा साथ रहा। वे एक निर्भीक आलोचक के रूप में जाने जाएंगे।' नीलकंठ कुमार ने कहा, 'जिस शिखर पर वे थे उस शिखर से उन्होंने अपने लिए कुछ नही किया।'

राजकमल प्रकाशन के प्रबंध निदेशक अशोक महेश्वरी ने कहा 'मैनेजर पांडेय की तीखी और चुटीली आवाज दूर से ही उनकी उपस्थित बता देती थी। ठहाका और बात की शुरुआत ही 'अरे ससुर' से होती और उनका यह अंदाज़ रिश्ते को औपचारिक बना देता था। मैं राजकमल प्रकाशन समूह की ओर से उन्हें श्रद्धापूर्वक याद करता हूं और उन्हें सादर प्रणाम करता हूं।'

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक अशोक कुमार द्वारा राज तरूण आफसेट, एलजीएफ 5-14, अंसल सिटी सेंटर, निकट यूपी प्रेस क्लब, हजरतगंज, लखनऊ से मुद्रित तथा ग्राम भुसना, पोस्ट भुसना, तहसील महमूदाबाद जनपद सीतापुर (उ0प्र0) से प्रकाशित। **सम्पादक : अशोक कुमार (मो. 9651086162) उप सम्पादक : प्रमोद कुमार शुक्ल (मो. 9450497420)**। इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.वी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न सभी विवाद सीतापुर न्यायालय के आधीन होंगे।